

पेज -3 पर

सेवा सुचिता सुशासन के मूल मंत्र के साथ भाजयुमो का विशाल ...

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 213 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆मूल्य: 3 ₹ ◆पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, रविवार 12 जून 2022

रामचन्द्र का भाटापारा में जोरदार स्वागत

पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

### फिर नाचे आबकारी मंत्री लखमा

**नक्सल प्रभावित गांव में ढोल बजाकर थिरकते दिखे, सोशल मीडिया में वीडियो वायरल**



**जगदलपुर ।** छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री कवासी लखमा का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आबकारी मंत्री ढोल बजाकर नाचते हुए नजर आ रहे हैं। आबकारी मंत्री के साथ कई कांग्रेसी नेता भी मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि, सुकमा जिले के एक गांव में विकास कार्यों का लोकार्पण करने लखमा पहुंचे थे, उसी समय उन्होंने पारंपरिक ढोल बजाया और अपने पैर थिरकाए। इससे पहले भी लखमा के नाचते, गाते हुए वीडियो सामने आए हैं। आबकारी मंत्री कवासी लखमा सुकमा जिले के केरलापाल क्षेत्र के नक्सल प्रभावित गांव कोयाबेकुर पहुंचे थे। यहां पुल, देवगुड़ी और रंगमंच का लोकार्पण किया। इस मौके पर इलाके के लोगों से भी उन्होंने मुलकात की। वहीं आबकारी मंत्री का बस्तर के पारंपरिक नाचा दल ने ढोल बजाकर और नृत्य कर स्वागत किया। यह देख लखमा खुद को रोक नहीं पाए और नर्तक दल के एक सदस्य से ढोल ले लिया।

## मुख्यमंत्री बघेल ने बटईकेला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण और मरीजों से चर्चा की

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात के दौरान पत्थलगांव विधानसभा के बटईकेला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

उन्होंने वहां भर्ती मरीजों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने वहां एक भर्ती महिला बीबी बाई से हालचाल पूछा तथा कहा कि 'मैं तोर बर फल लेकर आय हंव'। शारीरिक कमजोरी के कारण से भर्ती बीबी बाई मुख्यमंत्री की स्नेह भरी बातचीत से बहुत खुश हुई और उनकी आंखों में चमक आ गई।

मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात के दौरान आमजनों से अपने परिवार के सदस्यों की तरह मिलते हैं। बातचीत में वे सहजतापूर्वक



**मुख्यमंत्री ने कहा 'मैं तोर बर फल लाय हंव',**

शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी लेते हैं। मुख्यमंत्री आज मरीजों के परिजनों की तरह अस्पताल में फलों की टोकरी लेकर पहुंचे। उन्होंने वहां अस्पताल में भर्ती बीबी बाई, श्रीमती ललिता बाई एवं अन्य मरीजों के स्वास्थ्य की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उपस्थित डॉक्टरों से कहा कि मरीजों के स्वास्थ्य की निरंतर मॉनिटरिंग करें। इससे मरीजों का आत्मविश्वास मजबूत होता है और जल्दी रिकवरी होती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरीन अधोसंरचना उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस दिशा सत्त में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता, लैब में होने वाले विभिन्न प्रकार के जांच आदि की जानकारी ली।


**लापरवाह नायब तहसीलदार भी निलंबित**

# सीएम ने सोसायटी के सभी कर्मचारियों को किया सस्पेंड

**जशपुर के बागबहार गांव में लोगों ने शिकायत पर तुरंत एक्शन**

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों की शिकायतों के बाद एक सहकारी समिति के कर्मचारियों और एक नायब तहसीलदार पर कारवाई की है। उन्होंने सहकारी समिति के सभी कर्मचारियों और नायब तहसीलदार को निलंबित करने का निर्देश दिया है।

भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत पत्थलगांव विधानसभा के बागबहार पहुंचे मुख्यमंत्री से



लोगों ने कई शिकायतें की। लोगों ने कोतबा सोसाइटी में धान खरीदी के दौरान अनियमितता की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने कोतबा सोसाइटी के सभी कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। ग्रामीणों ने बागबहार के नायब तहसीलदार की भी शिकायत की। उनका कहना था, नायब तहसीलदार जाति प्रमाणपत्र बनाने में लापरवाही करते हैं। मुख्यमंत्री ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार उदय राज सिंह को निलंबित कर दिया। मुख्यमंत्री ने अपने पहले दौरे में भी 7 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों को निलंबित किया था। उसमें भारतीय वन सेवा के अफसर भी शामिल थे। बस्तर संभाग के जिलों में ऐसी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब जशपुर जिले में पहली ही विधानसभा में एक्शन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं की जमीनी हकीकत देखने और लोगों से फीडबैक लेने ही दौरे पर निकले हैं।

### पुलिस की भी शिकायत हुई

बागगहार की चौपाल में पहुंची पत्थलगांव की मेनका यादव ने मुख्यमंत्री को बताया, उनके मामले में पुलिस समुचित करवाई नही कर रही है। मुख्यमंत्री ने जशपुर के पुलिस अधीक्षक को आवश्यक और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### लोगों को वित्तीय मदद भी पहुंचाया

*सड़क दुर्घटना में पैर और घुटनों में आई चोट आने के कारण निःशक्त जगन्नाथ चौहान ने मुख्यमंत्री से उचित इलाज के लिए सहायता राशि की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने विशेष सहायता योजना के तहत 20 लाख रुपये तक इलाज करवाने की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने जगन्नाथ को इसके लिए आवेदन करने का सुझाव दिया।*

## जब मुख्यमंत्री को एटीएम के ट्रांसेक्शन में मिला 50 रुपये का नकली नोट



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पत्थलगांव स्वामी आत्मानन्द स्कूल में बच्चों के बीच बचपन के रंग में रंगे नज़र आये। उन्होंने समर कैम्प में बच्चों द्वारा कबाड़ के जुगाड़ से बनाये मॉडल देखे। इसी दौरान उन्होंने बच्चों के एटीएम का निरीक्षण किया। कबाड़ के जुगाड़ से बने इस एटीएम में मुख्यमंत्री ने एटीएम ऑपरेटर बने बच्चों जयंत साहू और प्रीति साहू के निर्देशन में एटीएम से 50 रुपये का ट्रांसेक्शन किया। बदले में मुख्यमंत्री को एटीएम से 50 रुपये का नोट मिला। मुख्यमंत्री ने बच्चों से पूछा- ये असली है ? जिसके जवाब में बच्चों ने मासूमियत से कहा- नहीं सर, ये नकली है।

## भाजपाइयों का कांग्रेस पर तंज

**लोगों के बीच जाकर BJP नेता पूछ रहे, कोई कांग्रेसी नारियल फोड़ते दिखे तो बताना**

**रायपुर।** जैसे-जैसे छत्तीसगढ़ में चुनाव करीब आता जा रहा है प्रदेश के सियासी माहौल में चुनावी तंज भी देखने सुनने को मिल रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी रायपुर में मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने पर अलग-अलग विधानसभा इलाकों में बाइक रैली निकाल रही है।



इसी वजह से स्कूटर लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता संजय श्रीवास्तव और श्रीचंद सुंदरानी उत्तर विधानसभा इलाके में निकले। बाइक रैली जगह-जगह रुककर लोगों को मोदी सरकार की योजनाएं बता रही थी, इसी बीच भाजपा के नेताओं ने लोगों से पूछा कि कोई कांग्रेसी नारियल फोड़ते दिख जाए तो हमें बताना। नारियल फोड़ने से भाजपा नेताओं का आशय विकास कार्यों के उद्घाटन या भूमि पूजन से था। भाजपा लोगों के बीच जाकर यह प्रचार कर रही है कि प्रदेश का विकास भाजपा के वक्त ही हुआ था कांग्रेस के नेता कुछ नहीं कर रहे।



## शराब कोचियों को 7 दिनों का अल्टीमेटम

**रायपुर ।** गांव के गली कूचों में बिक रहे अवैध शराब की वजह से त्रस्त कुटेसर की महिलाओं ने बीते गुरुवार को इसके खिलाफ मोर्चा खोलने के निर्णय लेने के बाद बीते कल शुक्रवार को पुन: बैठक आयोजित कर शराब कोचियों को अपना कारोबार 7 दिनो के भीतर समेटने का अवसर देने का फैसला करते हुये कोचियों को अपना फरमान सुना दिया है व अमल न होने पर कार्यवाही की चेतावनी दी है ।इधर मंदिर हसौद थाना अमला ने ग्राम कुटेसर व बडगांव में बीते कल शुक्रवार से पेट्रोलिंग शुरू कर दी है व दबिश पर कोचिये नदारत मिले । ग्रामीणों के अनुसार इसके चलते माहौल शांत रहा। ज्ञातव्य हो कि ग्राम के गली कूचों में बिक रहे अवैध शराब की वजह से ग्राम का माहौल बिगड़ने व खासकर महिलाओं व नौनिहालों को इसकी वजह से आ रही परेशानियों से आक्रोशित कुटेसर की महिलाओ ने ग्राम में सक्रिय 16 स्व सहायता समूहों के अगुवाई में इकट्ठा हो पंचायत के सहयोग से मोर्चा खोलने का सर्वसम्मत निर्णय बीते गुरुवार को लिया है ।

**ओडिशा से छत्तीसगढ़ खपाने ला रहे थे नकली नोट**

# महासमुंद पुलिस ने 3 तस्करों को दबोचा, सवा दो लाख रुपये जब्त

महासमुंद। छत्तीसगढ़ में पड़ोसी राज्य ओडिशा से नकली नोट लाकर खपाने वाले 3 तस्करों को महासमुंद जिले की पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



आरोपियों के पास से 500 और 200 के कुल 2 लाख 20 हजार 700 रुपये नकली नोट मिले हैं। आरोपी नोट लेकर दो बाइक से सरायपाली-बसना होते हुए महासमुंद जिले में पहुंचे थे। आरोपियों के नकली नोट खपाने वाले किसी गिरोह से जुड़े होने की संभावना है। पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर सरगना तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं। महासमुंद एसपी विवेक शुक्ला ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग ओडिशा से नकली नोट लेकर निकले हैं, जिसके बाद सांकरा थाने को प्वाइंट दिया गया था। वाहन चेकिंग के दौरान 2 मोटर साइकिल क्रमांक CG 10 AW 2458 तथा CG 06 GS 9872 को सांकरा थाना क्षेत्र के परसवानी चौक पर रोका गया। बाइक चालक ने अपना नाम पुनीराम पटेल (38 वर्ष), निवासी ग्राम मलदी बलौदाबाजार, आलेख बरिहा (40 वर्ष) निवासी ग्राम भण्डारपुरी थाना- झारबंद जिला-बरगढ़ (ओडिशा) व प्रफुल्ल बारीक (24 वर्ष) निवासी ग्राम जेराभरन सांकरा महासमुंद का निवासी बताया। पुलिस टीम को पूछताछ में गोलमोल जवाब देने लगे। पुलिस की टीम ने जब संदिग्धों को जांच की तब, उनके पास बड़ी मात्रा में नकदी मिले। टीम ने नकदी के बारे में पूछा तो कोई जवाब नहीं मिला। नोटों की जांच करने पर सभी नकली मिले।

### सरगना के बारे में पूछताछ कर रही पुलिस

पुलिस ने पुनीराम पटेल से से 500-500 के 199 नग नकली नोट कुल 99,500 रुपये, प्रफुल्ल बारिक के पास से 200-200 के 431 नग नकली नोट कुल 86,200 रुपये तथा आलेक बारिहा के पास से 200-200 के 175 नग कुल 35,000 रुपये के नकली नोट बरामद किए।

**राजनीति... हरियाणा चुनाव परिणाम पर छत्तीसगढ़ के बीजेपी नेताओं का तंज**

## डॉ. रमन ने लिखा- भूपेश जी, अजय माकन को हराना आपकी बड़ी उपलब्धि

रायपुर। हरियाणा के चुनाव परिणाम पर छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं ने सीएम भूपेश बघेल व कांग्रेस पर तंज कसा। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि भूपेश बघेल आपने हार का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा है, उसके लिए शुभकामनाएं।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

असम, उत्तर प्रदेश के बाद हरियाणा की लगभग जीती हुई राज्यसभा सीट से अजय माकन को हराना आपकी बड़ी उपलब्धि है। कांग्रेस की हार की आहुति के यज्ञ में आप यूं ही लगे रहें।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने भी हरियाणा चुनाव को लेकर ट्वीट किया है। उन्होंने ट्वीट किया कि अमेठी, असम, यूपी और अब अजय माकन!!! छत्तीसगढ़ को सराय समझने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वक्त मिले तो आत्मचिंतन जरूर करना। प्रदेश की संपदा फूंककर क्या हासिल किया.. जहालत? खैर आत्ममुग्ध व्यक्ति से आत्मचिंतन की उम्मीद करना बेमानी है!!!

इधर छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने भी ट्वीट कर कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने लिखा कि अमेठी, असम, यूपी में भद्द पिटवाने के बाद भूपेश के कारवां ने हरियाणा में भी कांग्रेस की लुटिया डुबो दी। मुख्यमंत्री जी, आपका ये कारवां 2023 के विधानसभा चुनाव तक यूं ही जारी रहेगा। निश्चित ही छत्तीसगढ़ की जनता के अच्छे दिन वापस आएंगे।

### काम नहीं आई कांग्रेस की बाड़ेबंदी

बता दें कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। हरियाणा में भाजपा के कृष्ण लाल पंवार और निर्दलीय प्रत्याशी कार्तिकेय शर्मा की जीत हुई है। कांग्रेस की तरफ से प्रत्याशी बनाए गए वरिष्ठ नेता अजय माकन क्रॉस वोटिंग की वजह से चुनाव हार गए। हरियाणा में 2 सीटों पर चुनाव हुए थे। कयास लगाए जा रहे थे एक सीट पर भाजपा तो दूसरी पर कांग्रेस की जीत पक्की है, लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी ने बड़ा उलटफेर कर दिया। क्रास वोटिंग से बचने हरियाणा के 29 विधायकों व पीसीसी के पदाधिकारियों को रायपुर लाया गया था, लेकिन कांग्रेस की बाड़ेबंदी काम नहीं आई।

## स्कूल की दीवारों को रंगने वाले पेंटर के बेटे के जीवन में भरे स्वामी आत्मानंद स्कूल ने रंग

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल पत्थलगांव में बच्चों के अभिभावकों ने बातचीत की। अभिभावकों ने मुख्यमंत्री से स्कूल से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इसी क्रम में पेंटर अजय सैनी ने मुख्यमंत्री को स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रारम्भ करने आभार जताया। अजय ने कहा कि उसके पास शब्द नहीं हैं, इस स्कूल से उसके बेटे को अंग्रेजी शिक्षा और उसे रोजगार मिला।वह दीवारों पर रंग रोगन और पुट्ठी का काम करता है। उसने स्कूल परिसर की दीवारों पर पेंटिंग बनाई है। वह एक बेसहारा बच्चे प्रशांत का लालन पालन अपनी क्षमता के अनुसार कर रहा है। उसने कभी नहीं सोचा



**मुख्यमंत्री को पेंटर अजय ने बताया- इस स्कूल से मेरे बच्चे को शिक्षा और मुझे मिला रोजगार**

था कि वह बच्चे को अंग्रेजी स्कूल में पढ़ा पायेगा। मगर स्वामी आत्मानंद स्कूल में बच्चे के एडमिशन से उसका सपने पूरा हुआ है ।अब उसे लगता है कि जिस बच्चे को उसने सहारा दिया है, उसकी परवरिश सही तरीके से कर पायेगा। मुख्यमंत्री ने अजय को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारे का धरती पर उतरना बाकी

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा जितना अधिक प्रचलित हुआ अभी तक धरातल पर उतना नहीं उतर सका। यह नारा ही नहीं एक राष्ट्रीय संकल्प है, लेकिन वास्तविकता यह है कि योजना लागू होने के 7 साल बाद भी बेटियों के प्रति समाज के नजरिए में कोई खास बदलाव नहीं आया है। अभियान चलने के बाद कुल 37 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में से 13 में बच्चियों का लिंगानुपात गिरता गया।

अब भी महिलाओं, जो कि स्वयं भी बेटियां हैं की पहली पसन्द बेटा ही है। बेटियों की शिक्षा में अपेक्षित सुधार नहीं आ पाया है। महिलाओं के प्रति अपराधों में कमी नहीं आ रही है और कुपोषण के कारण उन्हें रक्त अल्पता जैसी बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। कुपोषित माताओं के बच्चे ठिगने हो रहे हैं।

### अधिकतर लोगों की कम से कम एक बेटे की चाह

सन् 2011 की जनगणना में कन्या लिंगानुपात में कमी को ध्यान में रखते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी 2015 को की गई थी। केंद्र सरकार का उद्देश्य इस योजना द्वारा बेटियों के प्रति समाज में होने वाले नकारात्मक रवैये के प्रति जागरूकता फैलाना और विभिन्न योजनाओं के जरिए उनका कल्याण करना है।

लेकिन राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के ताजा आंकड़े बताते हैं कि भारत में बेटों की परम्परागत चाह अब भी बनी हुई है। सर्वेक्षण में शामिल लगभग 80 प्रतिशत लोग कम से कम एक बेटा होने की इच्छा रखते हैं।

### बेटियां भी मां बनने पर बेटा चाहती हैं

विचारणीय विषय तो यह है कि जो महिलाएं स्वयं बेटी होती हैं, उनका बहुमत भी बेटों के पक्ष में नजर आ रहा है। इसके अनुसार, 16 प्रतिशत पुरुष और 14 प्रतिशत महिला यानी 15 प्रतिशत लोग बेटियों की तुलना में बेटा पैदा होने की अभिलाषा रखते हैं। नतीजतन कभी-कभी बेटे की चाह में बेटियां पैदा होती जाती हैं। सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं में कम से कम एक बेटे की चाह 59.82 प्रतिशत की तथा एक बेटी की चाह 58.19 प्रतिशत की थी। सर्वेक्षकों को नगरीय क्षेत्र में 11.4 प्रतिशत महिलाओं ने ज्यादा बेटों और 3.8 प्रतिशत ने ज्यादा बेटियों की चाह बतायी। ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा बेटों की वरीयता 17.4 प्रतिशत की और ज्यादा बेटियों की चाह केवल 3.1 प्रतिशत महिलाओं की थी। कम पढ़ी-लिखी महिलाओं में तो बेटों की चाह 86 प्रतिशत तक दर्ज हुई। सबसे कम आयु वर्ग में 85.3 प्रतिशत की कम से कम एक बेटे की चाह और 81.3 की एक बेटी की चाह थी। इसी प्रकार उच्च आय वर्ग में भी बेटे की चाह अधिक थी। सर्वेक्षण में सबसे उच्च आय वर्ग में 73.7 प्रतिशत को कम से कम एक बेटा और 69.1 प्रतिशत को एक बेटी चाहिये थी। भारत के पारंपरिक समाज की पुरानी मान्यता रही है कि खानदान का नाम बेटा ही आगे बढ़ाता है और वही बुढ़ापे में अपने मां-बाप की देखभाल करेगा। जबकि बेटियां शादी के बाद अपने घर ससुराल चली जाएंगीं। साथ ही उसकी शादी में खासा दहेज भी देना पड़ेगा। देश के 13 राज्यों में अभियान बेअसर


समाज और बेटियां

**सन् 2011 की जनगणना में कन्या लिंगानुपात में कमी को ध्यान में रखते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी 2015 को की गई थी। केंद्र सरकार का उद्देश्य इस योजना द्वारा बेटियों के प्रति समाज में होने वाले नकारात्मक रवैये के प्रति जागरूकता फैलाना और विभिन्न योजनाओं के जरिए उनका कल्याण करना है।**

परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि बेटी बचाओ अभियान का देश के 37 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में से 13 प्रदेशों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है, क्योंकि पिछले सर्वेक्षण की तुलना में नवीनतम् सर्वेक्षण में पांच सालों के अन्तराल में जिन राज्यों में लिंगानुपात घटा पाया गया उनमें गोवा, हिमाचल प्रदेश, झारखण्ड, केरल, महाराष्ट्र, मेघालय, नागालैण्ड, ओडिसा और तमिलनाडू शामिल हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार देश में वर्ष 2018 में महिलाओं के खिलाफ 3,78,236 वर्ष 2019 में 4,05,326 और वर्ष 2020 में कुल 3,71,503 मामले दर्ज हुए।

### बेटियों की पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान नहीं

जहां तक बेटी पढावो का सवाल है तो अब समाज में जागरूकता अवश्य आ गयी है, मगर अपेक्षित लक्ष्य अभी काफी दूर है। भारत सरकार यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन रिपोर्ट 2020-21 में लड़कियों के ड्राप आउट में कमी बतायी गयी है। दूसरी ओर 2013-14 की रिपोर्ट को देखें तो उसमें देश में प्राथमिक स्तर पर 6 करोड़ से अधिक लड़कियों का नामांकन बताया गया था। छह साल बाद, 2019-20 में, लगभग इतनी ही संख्या में उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकित होना चाहिए था लेकिन 2019-20 की रिपोर्ट में कहा गया है कि केवल 35 लाख लड़कियां ही नामांकित हैं।

जयसिंह रावत

## संपादकीय

### स्वपन का नूपुर समर्थन

पैगंबर मोहम्मद पर अपमानजनक टिप्पणी के आरोप में भाजपा ने नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल को पार्टी से निकाल दिया और अरब देशों का गुस्सा ठंडा करने के लिए सर्वधर्म समभाव में विश्वास करने का एक बयान भी जारी कर दिया। लेकिन ऐसा लग रहा है कि भाजपा की कार्रवाई चुनिंदा है। भाजपा ने पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद स्वपन दासगुप्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। ध्यान रहे नूपुर शर्मा ने टेलीविजन चैनल पर बहस के दौरान 27 मई को विवादित टिप्पणी की थी। उसके बाद से ही उनका विरोध चल रहा है। जब उनका विरोध शुरू हुआ तो सबसे पहले उनके समर्थन में स्वपन दासगुप्ता आए थे। उन्होंने 28 मई को ट्विट करके कहा कि वे नूपुर शर्मा का समर्थन करते हैं और उनके साथ खड़े हैं।

सोचें, स्वपन दासगुप्ता पार्टी के सिर्फ एक नेता या एक पूर्व सांसद नहीं हैं। वे पार्टी विचारकों में से एक हैं। जब उन्होंने नूपुर शर्मा का समर्थन किया और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो इससे अपने आप स्पष्ट है कि अगर अरब देश विरोध नहीं करते तो पार्टी नूपुर शर्मा के बयान से कोई दिक्कत नहीं थी। लेकिन अरब देशों ने बहुत जोरदार विरोध कर दिया इसलिए कार्रवाई करनी पड़ी। तभी कार्रवाई के साथ ही डैमेज कंट्रोल भी शुरू हो गया है। सरकार के समर्थक कुछ मशहूर हस्तियों को सक्रिय कर दिया गया है कि वे इस मसले पर नूपुर शर्मा का बचाव करें। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने आगे बढ़ कर नूपुर शर्मा का समर्थन किया है और कहा है कि वे उनकी बातों से सहमत हैं।

# महंगाई पर नियंत्रण की कोशिश, बढ़ती मुद्रास्फीति और रेपो दर में इजाफे का गणित

हाल ही में अमेरिकी वित्तमंत्री और अमेरिकी केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व की पूर्व अध्यक्ष, जैनेट येलेन ने स्वीकार किया कि वह पिछले साल मुद्रास्फीति की प्रकृति को समझ नहीं पाई थीं। अधिकांश अमेरिकी केंद्रीय बैंकरों की तरह उन्होंने भी महसूस किया कि मुद्रास्फीति 2021 में चरम पर होगी और फिर 2022 में नीचे आना शुरू हो जाएगी। केंद्रीय बैंकरों के फैसले को गलत साबित करने में तीन बड़े कारकों का योगदान है।

पहला, वर्ष 2022 की शुरुआत में ओमिक्रॉन वैरिएंट में उछाल ने पहले से ही बाधित आपूर्ति शृंखलाओं की स्थिति को और बिगाड़ दिया, जिससे चीजों की कमी और कीमतों में बढ़ोतरी हुई। दूसरा, चीन में कोविड मरीजों की संख्या बढ़ी, जिसके चलते उसने %शून्य कोविड नीति% के तहत अपनी लगभग 40 करोड़ की आबादी को घरों में कैद कर दिया, जिससे वैश्विक आपूर्ति शृंखला में गंभीर व्यवधान पैदा हुआ और मुद्रास्फीति में और वृद्धि हुई।

तीसरा, 24 फरवरी से रूस और यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध ने भी आग में घी डालने का काम किया। इससे गेहूं, खाद्य तेल, धातु, उर्वरक और सबसे महत्वपूर्ण तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित हुई। पश्चिमी देशों ने जवाबी कार्रवाई में रूस पर प्रतिबंध लगाए, जिससे तेल की कीमतें 130 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गईं। पिछले पांच महीनों में महंगाई में और तेजी से बढ़ोतरी हुई। और जोखिम यह है कि यह वैश्विक प्रकृति हो गई है, जिससे खाद्यान्न, ऊर्वरक और ऊर्जा-हर चीज की कीमतें बढ़ गई हैं। अमेरिकी फेड ने अपनी आसान मुद्रा नीति को समाप्त कर अपना रुख सख्त कर लिया। उसने मार्च और मई में अपनी फेड फंड दर में वृद्धि की और जून और जुलाई में और भी बढ़ोतरी की घोषणा की। ऐसा करके उसने डॉलर की तरलता को मजबूत किया। नतीजतन इस वर्ष प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर में अब तक 6.8 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस पृष्ठभूमि में, भारतीय रिजर्व बैंक ने विगत चार मई को एक आपातकालीन मौद्रिक नीति बैठक की।




**शेयर बाजार, जो पिछले दो वर्षों से आसान मौद्रिक नीति का लाभ उठाता रहा है, सख्त मौद्रिक नीति से बुरी तरह प्रभावित होगा। अच्छी बात यह है कि इस दर बढ़ोतरी चक्र के पूरा होने के बाद अच्छे दिन आएंगे। ऐसी उम्मीद तो है।**

गवर्नर शक्तिकांत दास ने रेपो दर को चार फीसदी से बढ़ाकर 4.4 फीसदी कर दिया और सीआरआर में 0.5 फीसदी की वृद्धि कर मुद्रा बाजारों से अतिरिक्त तरलता को दूर करना चाहा। इस सीआरआर वृद्धि ने 88,000 करोड़ रुपये की तरलता कम कर दी और आरबीआई की सख्त मौद्रिक नीति का संकेत दिया। विगत आठ जून को रेपो दर में 50 बेसिस पॉइंट की वृद्धि करने पर यह दर 4.9 फीसदी हो गई। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023 में 7.2 फीसदी विकास दर का अनुमान रखा है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि रिजर्व बैंक ने अप्रैल, 2022 की अपनी अनुमानित 5.7 मुद्रास्फीति दर को बढ़ाकर वित्त वर्ष 2023 के लिए 6.7 फीसदी कर दिया है। सीआरआर दर के साथ छेड़छाड़ नहीं की गई है, क्योंकि यह मई की कार्रवाई के बाद पहले ही घट गई है। अर्थव्यवस्था और बाजारों के लिए इसके मुख्य निहितार्थ क्या हैं? पहला, रिजर्व बैंक ने संकेत दिया है कि वह कोविड काल में दिए गए राहत को वापस ले लेगा। गौरतलब है कि मार्च 2020 में, आरबीआई ने दरों में 75 बीपीएस की कटौती की और मई 2020 में उसने 40 बीपीएस की कटौती की। चार मई, 2022 को इसने दरें बढ़ाकर मई 2020 की 40 आधार अंकों की कटौती को वापस ले लिया।

अजय बग्गा

## मिला जुला

### राज्यसभा चुनाव

# महाराष्ट्र में बीजेपीऔर मविअ के 3-3 उम्मीदवार जीते

## हरियाणा में कांग्रेस को झटका, अजय माकन हारे

चंडीगढ़/मुंबई। चार राज्यों की 16 राज्यसभा सीटों पर हुई वोटिंग की मतगणना शनिवार तड़के तक चलती रही. सबसे आखिर में महाराष्ट्र के नतीजे आए. यहां भाजपा 3 सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रही. वहीं, 3 सीटों पर महाविकास अघाड़ी ने जीत दर्ज की।



**महाराष्ट्र** के अलावा हरियाणा के नतीजों में काफी देरी हुई. यहां कांग्रेस को जोरदार झटका लगा और पार्टी के उम्मीदवार अजय माकन को हार का सामना करना पड़ा. हरियाणा में भाजपा के कृष्ण लाल पंवार तो वहीं निर्दलीय प्रत्याशी कार्तिकेय शर्मा ने जीत दर्ज की।

### महाराष्ट्र में किसे कितने वोट?

महाराष्ट्र की बात करें तो केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल 48 वोट हासिल करने में कामयाब रहे. इसके अलावा बीजेपी के एक और उम्मीदवार अनिल बोंडे ने 48 वोट के साथ जीत दर्ज की. इसके साथ ही भाजपा के धनंजय महादिक को 41.58 वोट मिले

### इमरान प्रतागढ़ी को भी मिली जीत

एनसीपी के प्रफुल्ल पटेल को 43 वोट मिले. वहीं, शिवसेना की तरफ से राज्यसभा उम्मीदवार संजय राउत ने भी 41 वोटों के साथ जीत दर्ज की. शिवसेना के संजय पवार को 39.26 वोट मिले और उन्हें हार का सामना करना पड़ा. कांग्रेस की तरफ से उम्मीदवार बनाए गए इमरान प्रतापगढ़ी 44 वोट हासिल कर जीत गए. बता दें कि महाराष्ट्र की छह सीटों पर 7 उम्मीदवार थे. छठी सीट के लिए शिवसेना के संजय पवार और बीजेपी के धनंजय महादिक में मुकाबला कांटे का था. मुख्यमंत्री के लिए उद्धव ठाकरे के लिए ये प्रतिष्ठा की लड़ाई थी लेकिन वो अपने उम्मीदवार जितान में नाकाम रहे।

### कोरोना ने फिर पकड़ी रफ्तार; एक दिन में मिले 8 हजार से ज्यादा केस

**नई दिल्ली।** देश में बीते दिन कोरोना के 8,329 नए केस मिले और 10 मरीजों की मौत हुई। इस दौरान 4,216 लोग रिकवर भी हुए, जिससे ठीक होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,26,48,308 हो गई। फिलहाल रिकवरी रेट 98.69त्न है। इस समय एक्टिव केस 40,370 हैं, जिसकी दर 0.09त्न है। डेली पॉजिटिविटी रेट 2.41त्न, वीकली पॉजिटिविटी रेट 1.75त्न है। वहीं, शुक्रवार को 3,44,994 कोरोना टेस्ट हुए। अब तक 85.45 करोड़ से ज्यादा टेस्ट हो चुके हैं। देश भर में वैक्सीनेशन कैंपेन जारी है। अब तक 194.92 करोड़ वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी हैं। वहीं, महाराष्ट्र में शुक्रवार को पिछले करीब चार महीनों में कोविड-19 के सर्वाधिक 3,081 नए मामले सामने आए, लेकिन किसी मरीज की जान नहीं गयी। स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार अकेले राज्य की राजधानी मुंबई में 1,956 नए मामले सामने आये।

# रांची में हिंसा- जख्मी दो लोगों की मौत, गोली लगने के बाद अस्पताल में थे भर्ती

रांची। रांची में शुक्रवार को उपद्रव के दौरान गोली लगने से जख्मी दो लोगों की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई.

जानकारी के मुताबिक मरने वालों में एक की पहचान मुदस्सिर उर्फ कैफी के रूप में हुई है. जबकि दूसरे का नाम मोहम्मद साहिल है. राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) ने दो लोगों की मौत की पुष्टि की है. वहीं अभी 8 जख्मी लोगों का इलाज चल रहा है।

मालूम हो कि पैगंबर मोहम्मद को लेकर नूपुर शर्मा की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद शुक्रवार को लोग सड़कों पर उतर आए थे. मेन रोड इलाके में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकालकर नूपुर शर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी. पुतला भी जलाया था. इसके बाद देखते ही देखते प्रदर्शन हिंसक हो गया।



### पुलिस ने किया था लाठीचार्ज, हवाई फायरिंग

रांची में विरोध प्रदर्शन उग्र होने के बाद पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और हवाई फायरिंग की. इस दौरान भीड़ ने भी जमकर पत्थरबाजी की. इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए. पत्थरबाजी में पुलिस के कई जवानों को चोट लगी. बहरहाल पुलिस ने भीड़ पर काबू पा लिया।

### पूरे रांची शहर में लगा कर्फ्यू

प्रदर्शन के हिंसक होने के बाद प्रशासन ने पहले रांची शहर के कुछ इलाकों में कर्फ्यू लगाया गया था, जिसे बाद में पूरे शहर में लगा दिया गया है. कर्फ्यू के बाद लोगों ने हिंसा वाली जगहों पर कुछ लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया. रांची में स्थिति में शांत मगर तनावपूर्ण बनी हुई है।

मानसून का दिखने लगा असर

# दिल्ली में छाए रहेंगे बादल, आईएमडीबी का जारी हुआ अलर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली व एनसीआर में लू के चलते तापमान बढ़ा हुआ है। लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं। शनिवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। गर्जन वाले बादल बनने की भी संभावना है। लू चलने का पूर्वानुमान नहीं है। वहीं, देश के कई अन्य राज्यों में प्री मानसून ने दस्तक दे दी है। इसके चलते भीषण बारिश का अलर्ट जारी हुआ है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य रूप से आगे बढ़ रहा है और यह अगले दो दिनों में महाराष्ट्र में प्रवेश करेगा। मौसम निगरानी एजेंसी ने अरुणाचल प्रदेश में अगले पांच दिनों के दौरान असम और मेघालय में भीषण बारिश की चेतावनी जारी की है।



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वरिष्ठ विज्ञानी आरके जेनामणि ने कहा कि मानसून ने 29 मई को केरल तट को छुआ और 31 मई से 7 जून के बीच दक्षिण और मध्य अरब सागर, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों से होते हुए पूरे पूर्वोत्तर भारत को कवर किया है।

राजधानी में बुलाई बड़ी बैठक

# नमाज के बाद बवाल पर सीएम योगी सख्त

**लखनऊ।** प्रयागराज समेत यूपी के कई जिलों में नमाज के बाद बवाल को लेकर सीएम योगी सख्त हो गए हैं। उन्होंने राजधानी लखनऊ में आला अधिकारियों की बैठक बुलाई है। सीएम योगी ने पहले ही साफ निर्देश दिया है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिन लोगों ने भी कानून को हाथ में लेने की कोशिश की है उन्हें सबक सिखाने को कहा है। जिले के अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी गई है। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि सभी जिलों में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। हिंसा व आगजनी में शामिल



उपद्रवियों की गिरफ्तारी शुरू हो गई है। वीडियो से भी उपद्रवी चिह्नित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को शाम 7.30 बजे तक कुल 109 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें सहारनपुर से 38, प्रयाजरागज से 15, हाथरस से 24, मुरादाबाद से सात, फिरोजाबाद से दो और अंबेडकरनगर से 23 गिरफ्तार किए गए हैं।

### प्रयागराज में आगजनी, लाठीचार्ज, फायरिंग

एडीजी ने कहा कि कुछ लोगों ने जानबूझकर मामले को भड़काया है। सभी लोगों को चिह्नित किया जाएगा। जो भी सरकारी एवं निजी संपति की क्षति हुई है उसकी वसूली की जाएगी। गैंगस्टर एक्ट के तहत संपति भी जब्त होगी। इससे पहले अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि जिन लोगों ने भी अनावश्यक रूप से शांति-व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

# रिश्ता तय करके लौट रहे थे घर, गड्ढे में गिरी स्कॉर्पियो, 8 लोगों की मौत

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां स्कॉर्पियो गाड़ी पानी से भरे गड्ढे में गिर गई. इस हादसे में कार सवार 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि दो लोग घायल हुए हैं. घटना बायसी क्षेत्र के अनगढ़ गांव की है. देर रात 2 बजे के करीब यह हादसा हुआ। बायसी की SDO कुमारी तौसी ने बताया कि हादसे का शिकार हुए सभी लोग शादी का रिश्ता तय करके खपड़ा ताराबाड़ी से किशनगंज जिले के नूनिया गांव वापस जा रहे थे. इसी दौरान ये हादसा हुआ. अचानक लोगों से भरी स्कॉर्पियो गड्ढे में गिर गई जिसमें से अब तक 8 लोगों के शव बरामद



किए गए हैं. जबकि दो लोग इस हादसे में घायल हुए हैं। पुलिस और राहत व बचाव टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया. घायलों को इलाज के लिए भेजा गया जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चुरी में रखवाया। कन्जिया के मुखिया समरेंद्र घोष ने बताया कि रात करीब दो बजे के करीब यह घटना घटी।

# पुण्य तिथि पर याद आये,सबके विद्या भैया

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



कांग्रेस भवन में पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहिद पंडित विद्याचरण शुक्ल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्ल जी के द्वारा किये गए कार्यों को याद किया गया।उनके द्वारा महासमुंद सांसद के पद को सुशोभित किया गया एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के विकास में भी पंडित जी के अथक प्रयास रहे। ष्विद्या भैयाष् भारतीय राजनीति के मंझे हुए नेता माने जाते थे, जिन्होंने 1957 में पहली बार महासमुंद लोकसभा चुनाव जीते और सबसे युवा सांसद बने,विद्याचरण शुक्ल का जन्म रायपुर में हुआ एवं 1951 में नागपुर के मोरिस कॉलेज से बी.ए. की शिक्षा प्राप्त की थी।

वह 9 बार लोकसभा सांसद बने एवं अनेकों बार केंद्रीय मंत्री के पद पर आसीन हुए 1966 में पहली बार प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी के कैबिनेट में मंत्री बने 1957 महासमुंद से चुनाव लड़े 1971 रायपुर लोकसभा चुनाव लड़े।

26 मई 2013 को परिवर्तन यात्रा पर नक्सलियों के द्वारा कांग्रेस के नेताओं के काफिले पर घात लगाकर हमला किया गया था,जिसमें शुक्ल जी को गोली लगने के पश्चात गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया था,जहां पर उनका दुखद निधन हो गया।

महासमुंद के कांग्रेसजनों के जीवन में शुक्ल जी की यादों का एक अमिट छाप दिखता हैं। जो हमेशा चर्चा का विषय होता है की किसके साथ,किस कार्यकर्ता के साथ,किस लहजे में वो बाते करते थे। इन्ही सभी यादों के सभी कांग्रेसी नेताओं ने विद्या भैया को अपने विचारों से याद करके उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसमें विनोद सेवनलाल चंद्राकर विधायक एवं संसदीय सचिव एवम डॉ. रश्मि चंद्राकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए श्रद्धांजलि सभा में डॉ.रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष,वरिष्ठ कांग्रेसी दाऊलाल चंद्राकर,संजय शर्मा प्रभारी महामंत्री,खिलावन बघेल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी,कृष्णा चंद्राकर उपाध्यक्ष,राशि महिलांग नेता प्रतिपक्ष,सोमेश दवे,गुरमीत चावला एल्डरमैन सुनील चंद्राकर,जावेद चौहान,नितेंद्र बैनर्जी,कविता तिवारी प्रदेश महासचिव,लक्ष्मी देवांगन,लता कैलाश चंद्राकर,अन्नू चंद्राकर,ममता चंद्राकर,मनोहर ठाकुर,निर्मल जैन,चंद्रेश साहू,मोती साहू,रमेश ठाकुर,चेतन निषाद इत्यादि कांग्रेसजन ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण करके अपने दिवंगत नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजाओं का जिले में किया जा रहा प्रचार-प्रसार

## कला जत्था के माध्यम से प्रचार सामग्री का नि :शुल्क वितरण के साथ दी जा रही योजनाओं की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जनसम्पर्क विभाग के दिशा.निर्देश में छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं को जिले के दूरस्थ अंचल के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के चिनहांकित गांवों एवं हाट बाजारों में कला जत्था, स्थानीय बोली के माध्यम से शासन योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं पर आधारित न्याय का छत्तीसगढ़ मॉडल जिला जशपुर पुस्तिका, जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्री का नि:शुल्क वितरण भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में वैदही एजुकेशन इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च टेक्नोलॉजी सोसायटी जगदलपुर के कला जत्था दल द्वारा मनोरा विकासखण्ड के सोनक्यारी, घाघरा और हर्रापाठ में कला जत्था के माध्यम छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं नरवा,गरवा, घुरवा एवं बाड़ी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री हाट.बाजार क्लिनीक, राजीव युवा मितान क्लब, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनाए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।



## मिर्च पाउडर छिड़क कर चाकू से हमला करने वाला आरोपी जेल दाखिल

**कोरबा** । काफी पाइंट से पिकनिक मना कर लौट रहे युवक. युवती पर कुछ युवकों ने मिर्च पाउडर छिड़क कर चाकू से हमला कर दिए थे। मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत शुक्लाखार निवासी चंद्रभान सिंह बिंझवार 23 वर्ष अपने परिचित महिला मित्र के साथ बाइक क्रमांक सीजी 12 एएच 1594 में काफी पाइंट पिकनिक मनाने गया था। वहां से वापस लौट रहा था, तभी ग्राम केशलपुर के पास मुख्य सड़क पर पहुंचे थे कि अन्य पिकनिक मनाने वाले हम से आगे बाइक में निकले। इसी दौरान एक लड़का सड़क पर मिला और हाथ देकर बाइक को रोकवाया।

## भू-विस्थापितों ने सीएमडी व प्रबंधन का पुतला फूंका

**कोरबा** । गेवरा महाप्रबंधक के सामने चलाए जा रहे अनिश्चतकालीन आंदोलन के तहत शुक्रवार को एसईसीएल के सीएमडी व प्रबंधन का पुतला जलाकर भू-विस्थापितों ने आक्रोश व्यक्त किया। आंदोलनकारियों ने कहा कि मांगों को पूरा करने में जितना देर लगाया जाएगा, आंदोलन उतना ही उग्र होगा। उन्होंने कहा है कि इसके अगले चरण में खनन विस्तार क्षेत्र रलिया उमेंदीभाठा के ओबी कार्य को बंद किया जाएगा। आक्रोश रैली व प्रदर्शन के साथ सीएमडी तथा चारों क्षेत्र के महाप्रबंधकों के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। जिले में एसईसीएल की गेवरा, दीपका, कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र के विभिन्न कोयला खदानों के लिए हजारों किसानों की जमीन अर्जित किया गया है, भविष्य में भी और भी विस्तार किया जाएगा। इसके कारण कई गांव का अस्तित्व ही समाप्त हो चुका है। उर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के बैनर तले चलाए जा रहे आंदोलन में शामिल पदाधिकारियों का कहना है कि कोयला परिवहन के लिए बिछाए जा रहे रेल लाइन के कारण प्रभावित होने वाले परिवारों की परिसंपतियों, श्मशान, कब्रिस्तान मठ का मुआवजा एवं अन्य सुविधाएं दिलाने के लिए उचित कार्रवाई करनेए पूर्व में खदानों के कारण विस्थापित हुए परिवारों के पुनर्वास ग्रामों में सभी आवश्यक विस्तार कार्य करने, बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने, वहां निवासरत युवाओं और महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार, स्वरोजगार उपलब्ध कराने, गेवरा, कुसमुंडा व दीपका क्षेत्र में भू-विस्थापितों के लिए लागू पांच लाख रुपये तक की ठेका कार्य के शर्तो में संशोधन किया जाए।

# थाना केरलापाल क्षेत्र में सक्रिय 2 मिलिशिया सदस्यों ने किये आत्मसमर्पण

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।




नक्सलियों के अमानवीय एवं आधारहीन विचारधारा को त्यागकर छग शासन के पुनर्वास नीति व

पूना नर्कोम अभियानश नई सुबह, नई शुरूवात से प्रभावित होकर किया आत्मसमर्पण। आत्मसमर्पित नक्सली थाना केरलापाल क्षेत्र का है निवासी। आत्मसमर्पण करने हेतु प्रोत्साहित कराने में थाना केरलापाल के थाना स्टाफ व कैम्प 02 री वाहिनी

सीआरपीएफ के आसूचना शाखा का रहा विशेष प्रयास

सुकमा में सुन्दरराज पी पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर छ ग योज्ञान सिंह, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ परिचालन सुकमा रेंज के मार्गदर्शन एवं सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा, ताशी ज्ञालिक कमांडेन्ट 02 री वाहिनी सीआरपीएफ नवीन राणा टूआईसी 2 री वाहिनी सीआरपीएफ के निर्देशन पर चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नम अभियान नई सुबह, नई शुरूवात से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन के 2 मिलिशिया सदस्य वंजाम भीमा, वंजाम पोदिया उर्फ पोज्जा साकिन थाना केरलापाल क्षेत्र जिला सुकमा द्वारा आज शनिवार को थाना केरलापाल में टूआईसी आनामी शरण 02 री वाहिनी सीआरपीएफ सहायक कमाण्डेन्ट आरके ठाकुर 02 री वाहिनी सीआरपीएफ , निरीक्षक जीबी सुनार 02 री वाहिनी सीआरपीएफ एवं उनि संदीप टोप्पो थाना प्रभारी के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। दोनों नक्सलियों को समर्पण कराने हेतु प्रोत्साहित करने में प्रोत्साहित कराने में थाना केरलापाल के थाना स्टाफ व कैम्प 02 री वाहिनी सीआरपीएफ के आसूचना शाखा का विशेष प्रयास। आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज्य शासन के पुनर्वास नीति के तहत् सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय किया जायेगा।

## एक नजर

सफलता कहानी

### सामुदायिक बाड़ी से रानी स्व.सहायता समूह की महिलाएं बनी आत्मनिर्भर

51 हजार की शुद्ध आमदनी हुई

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जशपुर जिले में गौठान के माध्यम से स्व.सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने विभिन्न प्रकार के आजीविका मूलक योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके और अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सके। इसी कड़ी में कांसाबेल के दोकड़ा गौठान की रानी स्व.सहायता समूह की महिलाएं मल्टीएक्टीविटी के तहत गोठान की उपलब्ध भूमि में सामुदायिक बाड़ी में सब्जी उत्पादन कार्य हेतु 0.200 हे. भूमि का चयन किया गया। समूह की महिलाओं ने बताया कि सामुदायिक बाड़ी में सब्जी उत्पादन के लिये उद्यान विभाग एवं एनआरएलएम विभाग द्वारा उचित मार्गदर्शन किया गया। सामुदायिक बाड़ी में लगाये गये सब्जी का विक्रय स्थानीय बाजार में कर रही है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक बाड़ी में गौठान की भूमि पर टमाटर, बैंगन, मिर्च, कद्दूवर्गीय एवं सब्जी का रोपण किया गया। जिसमें समूह को 4000 हजार की लागत आई। उन्होंने बताया कि बाड़ी में सब्जियों का उत्पादन अच्छा हुआ है। जिससे अब तक उन्होंने 51 हजार रुपए की शुद्ध आमदनी हुई है। साथ ही उन्होंने कहा कि सामुदायिक बाड़ी से आय प्राप्त करने के अतिरिक्त समूह के सदस्य गौठान में अन्य मल्टीएक्टीविटी से अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे है। समूह की महिलाओं ने कहा कि बाजारों में सब्जियों की मांग को देखते हुए वे और भी अन्य सब्जियों का उत्पादन करेंगें। जिससे उनके समूह को आर्थिक रूप से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि सब्जी उत्पादन के लिए उन्हें प्रशासन के माध्यम से प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। जिसका उन्हें अच्छा लाभ मिला है।

**महिलाओं ने आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन का जताया आभार**

### मुआवजा की मांग को लेकर दो घंटे चक्काजाम कर आमरण-अनशन पर बैठे पूर्व गृहमंत्री कंवर

**कोरबा** । तीन दशक पहले ग्राम तरदा, कनकी व कथरीमाल के किसानों की अधिग्रहित की गई जमीन का मुआवजा अविलंब प्रदान करने की मांग को लेकर विधायक व पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर आमरण अनशन में बैठ गए। इसके पहले दो घंटे चक्काजाम किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समझाइश का प्रयास किया गया, पर आंदोलनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे।

वर्ष 1978 में लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी ने उरगा- बलौदा पहुंच मार्ग के लिए लगभग 70 किसानों की जमीन अधिग्रहित की थी। लगभग 60 फिट चौड़ी सड़क का निर्माण कराया गया और किसानों को कुछ भी मुआवजा नहीं दिया गया। वर्तमान में इस सड़क को स्टेट हाइवे बनाया जा रहा है और सड़क को 80 फिट चौड़ा किया जा रहा है। ऐसे में किसान अब अपनी जमीन का मुआवजा मांग रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक ननकी राम कंवर ने भी इन्हे मुआवजा दिलाने का काफी प्रयास किया, पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी टालमटोल की नीति अपनाते रहे। मुआवजा नहीं मिलने से किसानो में भी नाराजगी बढ़ गई है। इस मुद्दे को लेकर ननकी राम ने गृह व पीडब्ल्यूघ्डी मंत्री ताम्रध्वज साहू के निवास के समक्ष अनशन पर बैठने की घोषणा पहले की थी, तब जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया था कि माह भर के भीतर मुआवजे के प्रकरण को निपटा लिया जाएगा, पर अभी तक इस मुद्दे पर कोई पहल नहीं की गई। इस पर विधायक ननकी राम ने प्रशासन को नोटिस देकर शुक्रवार से ग्राम तरदा में अनशन शुरू कर दिया। आंदोलन शुरू करने के पहले प्रभावित किसान व समर्थकों ने मार्ग में दो घंटे तक चक्काजाम किया। इससे वाहनों की आवाजाही थम गई। बाद में कंवर समर्थकों के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए।

## शाला खोलने के पूर्व तैयारी को लेकर बीईओ मैनपुर ने लिया बैठक



जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

विकासखंड मैनपुर जिला गरियाबंद के विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर आर सिंग ने शाला खोलने के पूर्व तैयारी हेतु विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयको का हायर सेकेंडरी स्कूल गोहरापदर मे बैठक लेकर विशेष दिशा निर्देश प्रदान किए। विकास खंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर आरआर सिंग ने शाला प्रारंभ के पूर्व शाला की साफ सफ ाई, रंगाई पुताई स्वच्छता, शौचालय की सफ ाई आदि को पूरा करने हेतु निर्देश प्रदान किया, साथ ही विद्यालय प्रारंभ होते ही शाला प्रवेश उत्सव को भव्य रुप से मनाने हेतु सुझाव दिया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य सरपंच, जनपद सदस्य एशाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पालक मितानिन आदि को शामिल कर निशुल्क गणवेश निशुल्क पाठ्य पुस्तक, साइकल वितरण करने हेतु सुझाव प्रदान किया। विद्यालय प्रारंभ होते ही बच्चों पर विशेष ध्यान देकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रधान करने हेतु अपील किए तथा विद्यालय कार्य योजना बनाकर उसी के अनुसार अध्ययन अध्यापन कार्य में कसावट लाने हेतु निर्देश दिए बैठक में प्रमुख रूप से भानु प्रताप राठौर, सुभाष पांडे, राजेश कुमार दौरा, टेकराम साहू, रमेश कुमार राजपूत, अनंतराम नागेंद्र, पारेश्वर सिंह ठाकुर, जगजीवन ठाकुर, दिनेश नेताम, बलिराम नेताम, टिकेंद्र राजपूत, तखत राम कश्यप, किशोर प्रसाद मिश्रा, नीलम कुमार नागेश आदि संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

# सेवा सुचिता सुशासन के मूल मंत्र के साथ भाजयुमो का विशाल बाइक रैली

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

*मोदी सरकार के 8 वर्षो के कार्यकाल के उपलब्धियों के उपल्क्ष में सुकमा में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने शनिवार को मुख्यमार्ग केरलापाल से बाइक रैली करते हुए रामाराम, बोरगुड़ा, दीवानमुंडा, गोंगला होते हुए सुकमा मुख्यालय के बस स्टैंड से सुकमा के अटल सदन भाजपा कार्यालय पर समापन किया।*



भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भीमा मरकाम के नेतृत्व में यह बाइक रैली निकाला गया। इसी तारतम्य में आज सुकमा के अटल सदन जिला भाजपा कार्यालय में भाजयुमो के जिला अध्यक्ष भीमा मरकाम ने मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने के साथ मोदी सरकार के उपलब्धियों से आम जन को ज्ञात कराने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कहा की पार्टी हमेशा से सेवा, सुचिता, शुशासन के मूल मंत्र के काम पर विश्वास करता हैं। देश में मोदी की सरकार आने के बाद ही महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए हर घर शौचालय निर्माण को एक अभियान की तरह चलाया हैं। जिससे देश आज में आज भी स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत कार्य जारी हैं। कहां की मोदी सरकार ने ऐतिहासिक 8 वर्ष पूरे किये हैं। इस आठ वर्ष की स्वर्णिम यात्रा को कम शब्दों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का वर्ष इन्हें कहा जा सकता है। मोदी जी के नेतृत्व में युगपरिवर्तन कारी यह यात्रा अहर्निश जारी है। इस कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष भीमा मरकाम के नेतृत्व में भाजयूमो जिला महामंत्री राजकुमार कश्यप, भाजपा जिलामंत्री संजय सोढ़ी, भाजयूमो महामंत्री धर्मेंद्र भदौरिया, सोनू नायक, शोभन गंदमी, डी राजेश समेत सभी कार्यकर्ता ने बाइक रैली के इस कार्यक्रम में शिरकत किया।

# नकली करेंसी के तीन सौदागर धराये, 2.20 लाख के नकली नोट बरामद

## उड़िसा से लेकर महासमुन्द में खपाने आ रहे थे

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले की सांकरा पुलिस और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने नकली नोट के काले धंधे में शामिल तीन लोगों को 2.20 लाख रूपये के जाली नोटों के साथ गिरफतार करने में बडी सफलता प्राप्त की है।



स्थानीय पुलिस कंट्रोल रूम में पत्रकारों से मुखातिब पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने उपरोक्त जानकारी देते हुये बताया कि, सांकरा पुलिस और सायबर सेल दोनो को ही अपने खुफिया तंत्र से मिली जानकारी में अवगत कराया गया था कि, कुछ लोग नकली नोट खपाने के लिये महासमुंद आ रहे है। सूचना पर हरकत में आयी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा परसवानी चौक ओवर ब्रीज के पास चेकिंग पाइंट बनाकर बाईक क्रमांक सीजी 10 डब्ल्यू 2458 और बाईक क्रमांक सीजी 06 जीएस 9872 को रोका गया। तीनों लोगों में एक ने अपना नाम पुनीराम पटेल 38 ग्राम मल्दी(बलौदा बाजार),दूसरे ने अपना नाम आलेख बरिहा 38 निवासी ग्राम भंडारपुरी थाना झारबंद जिला बरगढ़ (ओडिसा) तथा तीसरे ने अपना नाम प्रफुल्ल बारिक 24 ग्राम जेराभरन (सांकरा) निवासी बताया।

पुलिस की टीम ने जब उन्हें महासमुंद जिलें में आने का कारण पूछा और वाहन के कागजात दिखाने को कहा तो वे लोग गोलमोल जवाब देने लगे। पुलिस की टीम ने जब संदिग्धों की बारिकी से तालाशी ली तो उनके पास बड़ी मात्रा में नगदी रकम थी। पुलिस की टीम ने नगदी रकम के बारे में उनसे पूछताछ किया तो वे कोई स्पष्ट जवाब नही दे पाये। पुलिस की टीम ने जब नगदी रकम को चेक किया तो वह प्रथमदृष्टिया ही नकली प्रतीत हुआ। टीम ने जब नकली नोटो के बारे में जब उनसे पूछताछ किया तो पुलिस की टीम को गोलमोल जवाब देकर घुमाते रहे।

पुलिस ने जब तीनों व्यक्तिओं से पृथक-पृथम गहन पूछताछ कर महासमुंद जिलें में आने का कारण एवं नकली नोट रखने के बारे में कड़ाई से पूछताछ की तो वे टूट गये। पुलिस की टीम ने पुनीराम पटेल से मौके पर साईड पॉकेट में रखे 500-500 के 199 नग नकली नोट कुल 99,500 रूपयें तथा प्रफुल्ल बारिक के पास से 200-200 के 431 नग नकली नोट कुल 86,200 रूपयें तथा आलेक बारिहा के पास से 200-200 के 175 नग कुल 35,000 रूपये के नकली नोट कुल जुमला 2,20,700 रूपयें 500-500 के कुल 199 नग तथा 200-200 रूपयें के 606 नग नकली नोट बरामद कर थाना सांकरा में अपराध क्रमांक 105/22धारा 489(ब) प्ब्ब् के तहत् कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के मार्गदर्शन में अति0 पुलिस अधीक्षक श्रीमती मेघा टेम्बुलकर साहू एवं अनु0अधिकारी (पु) महासमुंद सुश्री कल्पना वर्मा व अनु0अधिकारी (पु) पिथौरा विनोद मिंज के निर्देशन में सायबर सेल प्रभारी संजय सिंह राजपूत, थाना प्रभारी सांकरा उनि0 उमाकान्त तिवारी, सउनि0 रविन्द्र कुमार साहू सउनि. ललित चन्द्रा, प्रकाश नंद, प्रआर मिनेश ध्रुव आर शुभम पाण्डेय, चम्पलेश ठाकुर, डिग्री लाल नंद, देव कोसरिया, विरेन्द्र नेताम, संदीप भोई, संतोष सावरा, अभिषेक राजपूत, अनिल नायक, मदन निषाद, राजेश प्रधान, विजय दिव्य, दिलीप पटेल द्वारा की गई।

## एक नजर

### भाजपा युवा मोर्चा द्वारा विकास तीर्थ बाइक रैली

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश के आह्वान पर चिरमिरी मंडल क्षेत्र में विकास तीर्थ बाइक रैली निकाली गई। आपको बता दें कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सफल 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश के आह्वान पर भव्य विकास तीर्थ बाइक रैली निकाल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 8 साल के जन हिताय योजनाओं के बारे में श्याम बिहारी जायसवाल पूर्व विधायक ने आम सभा को सम्बोधित कर जानकारी दिया साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश की भूपेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की जनता आगामी विधानसभा चुनावों में वादा खिलाफी और प्रदेश की जनता को ठगने का जवाब जरूर देगी

### बेलसोंडा सरपंच भामिनी पोखन चन्द्राकर निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच को पदीय निवहन नहीं करने तथा वित्तीय मामलों में गड़बड़ी किए जाने आरोप और आरोप जांच में बाधक व असहयोगात्मक रवैये के कारण छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 39 के तहत सरपंच पद से निलंबित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा निलंबन का आदेश जारी कर दिया है। प्रकरण में धारा 40 पर आगामी सुनवाई हेतु 16 जून 2022 नियत की गयी है। मालूम हो कि उपसरपंच ने न्यायालय में सरपंच ग्राम पंचायत बेलसोंडा द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन नहीं करने एवं वित्तीय मामलों में गड़बड़ी किए जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया था। एसडीएम न्यायालय द्वारा आवेदन को स्वीकार करते हुए सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। किंतु निर्धारित तिथि तक सरपंच द्वारा कोई जवाब नहीं दिया। इस कारण नियमानुसार निलम्बन की कार्रवाई की गयी। इस हेतु शिकायत की जाँच हेतु जाँच टीम गठित की गयी थी। सरपंच द्वारा जाँच टीम को न सहयोग किया और न ही कोई संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराया।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आई सच्चाई

श्वांस नली में दूध के फंसने से हुई थी मासूम की मौत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पिथौरा ब्लॉक में टीकाकरण के बाद तीन माह की बच्ची के मौत का मामला सामने आया था, जिसमें अब मौत के कारणों की पुष्टि हो गई है। इस संबंध में टीकाकरण के बाद होने वाले प्रभावों की समीक्षा करने वाली जिला स्तरीय कमेटी की बैठक हुई। बैठक में चिकित्सक ने कहा कि बच्ची की मौत श्वास नली में दूध के फंसने और श्वास नहीं ले पाने के चलते हुई है। बता दें कि मंगलवार को जगदल्ला निवासी खगेश चक्रधारी ने अपनी तीन माह की बच्ची को भुरकोनी आंगनबाड़ी केंद्र में टीका लगवाया था और इसके कुछ देर बाद घर पहुंचने पर बच्ची बेहोश हो गई थी। इसके बाद पीएचसी में लेकर गए और वहां से पिथौरा सीएचसी रेफर किया गया था, जहां बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया था। बाद परिजनों ने ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पर लापरवाही का आरोप लगाया था। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. एसआर बंजारे ने बताया कि बच्ची के शव परीक्षण की रिपोर्ट आ गई है। शव परीक्षण में सामने आया है कि बच्ची के श्वास नली में दूध फंस गया था, जिससे उसे सांस लेने में परेशानी हुई और बेहोश हो गई। इसके बाद पिथौरा सीएचसी ले जाते समय उसकी मौत हो गई थी।

# बंदी की मौत पर बवाल

आबकारी और जेल अधिकारी के खिलाफ एफ.आई.आर की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

अवैध शराब के मामले में आबकारी विभाग द्वारा पकडे गये सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिछिया निवासी हेम सागर महिलाने पिता स्व. उसत राम महिलाने उम्र 30 को विगत 7 जून को गिरफतार कर जेल भेज दिया गया था। कल 10 जून को अचानक स्वास्थ्य बिगडने पर उसे स्थानीय जिला अस्पताल में उपचार के लिये लाया गया था। जहा पर उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक के परिजनों द्वारा आबकारी विभाग के चार लोगों पर मृतक के साथ नाजायज मारपिट किये जाने एवं जेल में भी प्रताडित किये जाने का आरोप लगाया गया है। आज 11 जून को मृतक हेमसागर के मौत के मामले में दोषी आबकारी पुलिस और जेल विभाग के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर चीरघर के सामने धरना दिया गया और आबकारी,जेल एवं पुलिस प्रशासन के विरूध्द जमकर नारेबाजी की गई। परिजनों के साथ प्रगतिशील छ.ग.सतनामी सामाज के युवा प्रकोष्ठ ने प्रदेशाध्यक्ष दिनेश बंजारे और स्मिता कोसरिया,तेजराम चौलिक एवं सोमनाथ टोंडेकर आदि ने दोषी लोगो के खिलाफ एफ.आई.आर. किये जाने की मांग की है। लोगों द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम बाद शव उठाने से भी इंकार किया जा रहा था और एफ.आई.आर. किये जाने की मांग पर सतनामी सामाज के लोग डटे हुये थे।

### धनरास राखड़ बांध से प्रदूषण मामले में कलेक्टर ने गठित की जांच टीम

**कोरबा** । नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन एनटीपीसी जमनीपाली की धनरास राखड़ बांध में प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपायों में लापरवाही बरते जाने के मामले को कलेक्टर में संज्ञान ने लिया है। मामले की जांच के लिए कलेक्टर ने एसडीएम कटघोरा, खनिज विभाग व पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को संयुक्त टीम गठित की है। यह टीम धनरास बांध में डंप किए जा रहे राख व उसके रखरखाव की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

विकासखंड कटघोरा के ग्राम नवागांव कला में आयोजित सरकार तुंहर द्वार शिविर में ग्रामीणों ने एनटीपीसी द्वारा धनरास राखड़ बांध में राखड़ के अव्यवस्थित डंपिंग की शिकायत की थी।

# खैरा के जंगल में 65 वर्षीय बुजुर्ग की मिली लाश क्षेत्र के लोगों में मचा हड़कंप रतनपुर पुलिस जुटी जांच में

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरा के जंगल में सड़ी गली लाश मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया बताया जा रहा है कि जंगल में लाश कई दिनों पुरानी हो जाने की वजह से लाश पूरी तरीके से सड़ गया है। जिसकी पहचान रतनपुर पुलिस के द्वारा परिजनों को बुलाकर मृतक के चप्पल कपड़े इत्यादि से शिनाख्त कराई गई जिस पर परिजन ने मृतक का नाम सुकुत राम बरेठ पिता लहरी बरेठ उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम चरौदा थाना मालखरौदा का बताया जा रहा है वही जानकारी मिली की मृतक 25 मई को बेलगहना अपने रिश्तेदार के यहां घूमने आया हुआ था जो कि 26 मई को दोपहर करीब 1 बजे घर से बाल्टी में पानी लेकर निकला था उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा जिसकी तलाश उसके रिश्तेदार कर रहे थे लेकिन वह खैरा के जंगल में कैसे पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई इस पर अभी तक रहस्य बना हुआ है रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

# घर में घुसकर बर्तन व अन्य समान चोरी करने वाले आरोपियों को रतनपुर पुलिस ने चंद घंटो में किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



घर में घुसकर बर्तन व अन्य समान चोरी करने वाले आरोपी को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार प्रार्थी चंदराम श्याम निवासी भदरापारा बेलतरा थाना रतनपुर में 09 जून 2022 को थाना रतनपुर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 06 जून 2022 की दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर इसके घर में घुसकर बर्तन व अन्य सामग्री कुल कीमती 20,000 रूपये को चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट से अपराध सदर कायम कर विवेचना, में लिया गया दौरान विवेचना मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर 02 संदिग्ध व्यक्ति को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर इस प्रकरण में मशरूका चोरी करना स्वीकार किये, आरोपीयो के मेमोरेण्डम के आधार पर चोरी किए गए सामग्री को बरामद कर आरोपियों को विष्णु नेताम,राधेकृष्ण मरावी दोनों निवासी भदरापारा बेलतरा थाना रतनपुर न्यायालय कोटा में पेश किया गया है। आरोपियो के मान. न्याया के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड पर केन्द्रीय जेल बिलासपुर दाखिल किया गया है।

# बेमेतरा चौकी कंडरका पुलिस की कार्यवाही 6 वर्षो से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल व एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियो के द्वारा प्रतिदिन पुरे जिले में स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियो को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत चौकी कंडरका स्टाफ के द्वारा माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण में मारपीट, लडाई - झगडा व जान से मारने की धमकी देने के मामले में 06 वर्षो से फरार चल रहे स्थायी वारंटी लालादास पिता जगदीश दास वैष्णव उम्र 60 साल साकिन आनंदगांव चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा को जरिये मुखबिर कि सूचना पर दिनांक 10.06.2022 को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त वारंटी को पकडने में चौकी कंडरका प्रभारी उप निरीक्षक रंजित प्रताप सिंह, आरक्षक संजय पाटिल, योगेश साहू, गौतम ठाकुर एवं अन्य स्टाफ शामिल थे।

# हजरत सैय्यद मुसा शहीद रहमतुल्लाह अलैह रतनपुर का सालाना उर्स

अनवर जानी मुंबई और सईद फरीद निजानी यूपी पेश करेंगे कव्वाली,मंत्री शिव डहरिया व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत होंगे मुख्य अतिथि

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




बाबा हजरत सैय्यद मूसा शहीद रहमतुल्लाह अलैह का 96 वां सालाना उर्स आज 11 जून शनिवार को देश के मशहूर कव्वाल अनवर जानी मुंबई और सईद फरीद निजानी यूपी की कव्वाली का कार्यक्रम होगा। मुस्लिम जमात रतनपुर द्वारा जूना शहर स्थित दरगाह में बाबा हजरत सैय्यद मूसा शहीद रहमतुल्लाह अलैह का 96 वां सालाना उर्स शुक्रवार को बाद नमाज असर करैहापारा स्थित जामा मस्जिद से संदल चादर निकाली गई जो हटरी स्थित साईं बाबा के दरगाह में चादरपोशी कर शहर का गस्त करती हुई मदारबाड़ा पहुंचे जहां फातेहाख्वानी के बाद संदल चादर बाबा हजरत सैय्यद मूसा शहीद रहमतुल्लाह अलैह की जूना शहर स्थित दरगाह पहुंचे जहां गुस्ल के बाद अकीदत के साथ संदल चादर पेश किया जाएगा। बाद नमाज ईशा ओलमा,कराम की तकरीर होगी। शनिवार 11 जून को रात 09 बजे से कव्वाली का कार्यक्रम होगा। इसमें मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन एवं श्रम कल्याण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन शिव डहरिया व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत सिंह होंगे। अध्यक्षता महापौर रायपुर एजाज ढेबर करेंगे अतिविशिष्ठ अतिथि विधायक रेणू जोगी, धर्मजीत सिंह, शैलेश पाण्डेय पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, जितेन्द्र मुदलियार होंगे विशिष्ठ अतिथि के रूप में आमीन मेमन, विजय केसरवानी,विवेक वाजपेयी एशेख नज़रुददीन,त्रिलोक चंद्र श्रीवास, आरिफ खान, यासमीन खान, नपा अध्यक्ष घनश्याम रात्रे उपस्थित रहेंगे कव्वाली के कार्यक्रम में देश के मशहूर कव्वाल अनवर जानी मुंबई और सईद फ रीद निजानी यूपी की कव्वाली का कार्यक्रम होगा। 12 जून रविवार की सुबह बाद नमाज फजर रंग की महफिल के बाद कुल की फातेहा होगा।

## सोनू सूद ने लॉन्च किया सोशल मीडिया ऐप एक्सप्लर्जर



बॉलीवुड अभिनेता और परोपकारी कार्य करने वाले सोनू सूद ने जितिन भाटिया के साथ मिलकर एआई समर्थित सहज सोशल मीडिया ऐप एक्सप्लर्जर को लॉन्च किया है। पूरी तरह से भारत में बना सोशल मीडिया एप एंड्रॉयड और आईओएस डिवाइस पर उपलब्ध है जो यूजर्स को वैश्विक अनुभव अनुभव प्रदान करते हुए साझा करने, कनेक्ट करने, चैट करने और नए दोस्त बनाने में मदद करता है। आप सभी इस ऐप में अपना एक अकाउंट बना सकते हैं। लॉन्च के अवसर पर इस ऐप के सह संस्थापक सोनू सूद ने कहा कि नई जगह की खोज करना मेरा जुनून है इसलिए यह एक मूल रूप से नई जगह पर जाने और उसे अपने दोस्तों और परिवारों के साथ साझा करने के इसी जुनून एवं प्रेम की वजह से अस्तित्व में आया।

## चंडीगढ़ के फैशन इवेंट को लेकर सुर्खियों में आईं सोनम बाजवा



चंडीगढ़ ने अपने पहले ब्लेंडर्स प्राइड फैशन नाइट्स की मेजबानी की, जिसमें एक्ट्रेस सोनम बाजवा शो स्टॉपर के रूप में रनवे पर चली। इससे पहले प्रियंका चोपड़ा और मलाइका अरोड़ा इस इवेंट से जुड़ चुकी हैं। सोनम बाजवा ने कहा, मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं इस अवसर के लिए सभी को धन्यवाद देती हूं। ब्लेंडर्स प्राइड फैशन नाइट्स एक अनूठी यात्रा है, जो फैशन और शैली के जरिए हर एक शहर की खासियत दर्शाती है।

बाजवा ने कहा, मुझे लगता है कि चंडीगढ़ एक अच्छा उदाहरण है, जो आधुनिक और पारंपरिक का एक आदर्श है। कभी-कभी जब मैं यहां मॉल में आती हूं, तो मैं महिलाओं और पुरुषों को पारंपरिक कपड़े पहने हुए देखती हूं। उनमें भरपूर आत्मविश्वास होता है। दूसरी ओर, कई लोग वेस्टर्न स्टाइल जैसे जींस और शर्ट को चुनते हैं।

एक्ट्रेस ने कहा कि वह चंडीगढ़ में पहली बार ऐसा कुछ करने के लिए ब्लेंडर्स प्राइड फैशन नाइट्स को बधाई देती है, यह पहली बार है और बेहद खास है।

बाजवा ने कहा कि चंडीगढ़ हमेशा देश में मेरे पसंदीदा शहरों में से एक रहा है। यह इतिहास और आधुनिक समय का एक सुंदर मेल है। आज, इसकी जीवंत संस्कृति और उदार विरासत को डिजाइनर सिद्धार्थ बंसल अपने डिजाइनों के जरिए प्रदर्शित कर रहे हैं।

## दलित कहानियों के लिए सिनेमा सबसे शक्तिशाली माध्यम है :एमिली शाह



अभय देओल के साथ फिल्म जंगल क्राई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भारतीय अमेरिकी अभिनेत्री एमिली शाह का कहना है कि गुमनाम नायकों और दलितों की कहानियों को सामने लाने के लिए सिनेमा सबसे शक्तिशाली माध्यम है। फिल्म जंगल क्राई की कहानी ओडिशा के युवा लड़कों के एक समूह की सच्ची कहानी पर आधारित है, द जंगल कैट्स ऑफ इंडिया, जिसने चार महीने के भीतर रग्बी के खेल में महारत हासिल कर ली और 2007 के अंडर -14 रग्बी विश्व कप जीता।

यह पूछे जाने पर कि उन्हें ऐसा क्यों लगा कि उन्हें फिल्म का हिस्सा बनना है, एमिली ने बताया कि मैं अमेरिका में रही हूं, इसलिए जब मैंने कहानी सुनी तो मैं इन युवा लड़कों की उपलब्धि के बारे में जानकर हैरान रह गई, लेकिन कोई भी इनके बारे में बात नहीं कर रहा था।

उन्होंने कहा कि बाद में, मुझे एहसास हुआ कि कई भारतीय इन लड़कों की उपलब्धि से अवगत नहीं हैं, शायद इसलिए कि यह मुख्यधारा के मीडिया द्वारा किसी का ध्यान नहीं गया।

एमिली ने कहा कि उसने महसूस किया कि कभी-कभी, केवल सिनेमा के माध्यम से हम लोगों को दलितों की कहानियों का जश्न मनाने के लिए एक साथ ला सकते हैं। भारत और दुनिया भर में सिनेमा शक्तिशाली माध्यम है। मेरे लिए कहानी का हिस्सा बनने के लिए यही पर्याप्त कारण था। फिल्म में वह भारतीय टीम की मैनेजर रोशनी का किरदार निभा रही हैं।

अपने सह-अभिनेता, अभय देओल पर, एमिली ने कहा कि मुझे लगता है कि वह किसी भी अभिनेता के लिए सबसे अच्छे सहयोगी है, साथ ही, उनका अभिनय बहुत वास्तविक, सूक्ष्म और प्रभावशाली है। हमने शूटिंग के दौरान बहुत अच्छा समय बिताया।

उन्होंने कहा कि हमने 2018-19 में फिल्म की शूटिंग की थी। महामारी के कारण, चीजें रुक गईं लेकिन सबसे अच्छी बात यह है कि फिल्म रिलीज हो रही है। सागर बल्लारी द्वारा निर्देशित, और स्टीव एल्डिस, राइस विलियम और सौजस पानिग्रही अभिनीत, जंगल क्राई 3 जून को लायंसगेट प्ले ऐप पर रिलीज हुई।

## कई तरह के होते हैं फेस पाउडर, जानिए आपको कौन सा चुनना चाहिए

फेस पाउडर एक तरह का मेकअप प्रोडक्ट है, जिसका इस्तेमाल मेकअप को सेट करने के लिए किया जाता है। इसके अतिरिक्त, इसकी मदद से मुंहासों और महीन रेखाओं को भी छिपाने में मदद मिलती है। वैसे बाजार में पांच तरह के फेस पाउडर मौजूद हैं और अगर आपको नहीं पता कि इनमें से कौन-सा आपकी त्वचा के लिए बेहतरीन हैं तो परेशान न होइए। आइए जानते हैं कि किस तरह का फेस पाउडर आपकी त्वचा के लिए बेहतरीन है।



**लूज पाउडर**

लूज पाउडर आमतौर पर एक छोटे कंटेनर में आते हैं, जो हल्का कवरेज और प्राकृतिक फिनिश लुक देता है और आपके मेकअप को लंबे समय तक बरकरार रखने में मदद करता है। यह अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करने में मदद करता है और मेकअप को मैट और फ्रेश लुक देता है। अगर आपकी त्वचा तैलीय या फिर मिश्रित प्रकार की है तो आपके लिए लूज पाउडर का इस्तेमाल करना अच्छा है।

**प्रेस्ड पाउडर**

प्रेस्ड पाउडर आसानी से इस्तेमाल करने के लिए एक नरम स्पंज के साथ कॉम्पैक्ट के रूप में आते हैं। यह पाउडर लूज पाउडर की तुलना में अधिक पिगमेंटेड होते हैं। इनमें आमतौर पर मोम और सिलिकॉन जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो एक थोड़े ठोस रूप में बदल जाते हैं। प्रेस्ड पाउडर अच्छा कवरेज प्रदान करते हैं और बिना मेकअप बेस के भी आप इसका इस्तेमाल अपने चेहरे पर कर सकते हैं।

**बनाना पाउडर**

बनाना पाउडर मेकअप की दुनिया में नया है। यह एक पीले रंग का टोंड पाउडर है, जो अल्ट्रा-फाइन स्थिरता में आता है। यह आपके कंसीलर को सेट करने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, यह त्वचा पर आई किसी भी तरह की लालिमा को ठीक करता है। यह उन लोगों के लिए एकदम सही है, जिनके चेहरे पर दाग-धब्बे और काले घेरे हैं। यह त्वचा को एक अच्छी हाइलाइटिंग बनावट देगा और मेकअप को भी लंबे समय तक बनाए रखेगा।

**मिनरल पाउडर**

लूज और प्रेस्ड, दोनों रूपों में उपलब्ध मिनरल पाउडर छोटे सूक्ष्म कणों से बने होते हैं, जिनमें कोई सिंथेटिक तत्व नहीं होते हैं। एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर ये पाउडर चेहरे पर एक सुरक्षित परत बनाता है और एक अच्छा कवरेज प्रदान करता है।

## हाथों की ड्रायनेस दूर करेंगे, ये 4 हैंड स्क्रब्स

हाथ धोना एक अच्छी आदत है और कोरोना महामारी ने तो इस बात को और अच्छी तरह से समझा दिया है। बार-बार हाथ धोने से जर्म्स और बैक्टीरिया भले ही खत्म हो जाएं लेकिन इससे हाथ भी बहुत ज्यादा रूखे हो जाते हैं। जिससे बहुत इरीटेशन होती है। तो हाथों की ड्रायनेस दूर करने से लेकर उनकी गहराई से सफाई और नमी बनाए रखने के लिए इन हैंड स्क्रब्स का करें इस्तेमाल।



**1. नींबू और चीनी**

नींबू और चीनी के स्क्रब के फायदे कई मायनों में अद्भुत हैं। नींबू में विटामिन सी का एक प्राकृतिक स्त्रोत है। चीनी एक प्राकृतिक एक्सफोलिएटर है जो डेड स्किन सेल्स को आसानी से हटा देता है।

पैक बनाने के लिए सामग्री

85 ग्राम चीनी, 32 ग्राम नारियल या जैतून का तेल, 1 नींबू का रस

विधि

*एक कटोरी में चीनी और नींबू का रस मिलाएं।

*इस मिश्रण को हाथों पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करते हुए रगड़ें।

*अब पानी से धोकर हैंड क्रीम लगाएं।

2. एवॉकाडो हैंड मास्क

एवॉकाडो बायोटिन का स्त्रोत है, जो शुष्क त्वचा और नाखूनों को नर्म बनाने में मदद करता है। दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो हाइड्रेट और एक्सफोलिएट करता है जबकि ऑलिव ऑयल कंडिशनिंग करता है।

पैक बनाने के लिए सामग्री

1 पका हुआ एवॉकाडो, 2 टेबलस्पून रॉ शहद, 1 टेबलस्पून जैतून का तेल, 2 टीस्पून दही

विधि

*एक ब्लेंडर में सारी चीज़ों को ब्लेंड कर लें।

*इस मिश्रण को हाथों पर लगाएं। इस पैक को लगाने के बाद 10-20 मिनट के लिए ग्लव्स पहनकर छोड़ दें। धो लें और फिर हैंड क्रीम लगाएं।

3. दलिया और एलोवेरा

दलिया, नारियल तेल और एलोवेरा जेल का मिश्रण त्वचा के लिए एक मॉयस्चराइजिंग के तौर पर काम करता है। इसे हाथों के लिए बेस्ट एक्सफोलिएटर माना जाता है।

पैक बनाने के लिए सामग्री

ग्राम दलिया, ग्राम मोटा समुद्री नमक, ग्राम नारियल तेल, टेबलस्पून एलोवेरा जेल

विधि

*एक बोल में सारी चीज़ें मिलाएं।

*हाथों पर लगाएं और 2-3 मिनट के लिए सर्कुलर मोशन में धीरे से स्क्रबिंग करें।

*नॉर्मल पानी से धो लें और फिर मॉयस्चराइजर लगा लें



## तेजस्विन शंकर का रिकॉर्ड

### NCAA में जीता गोल्ड मेडल, बर्मिंघम के लिए चयनित पहले भारतीय एथलीट

भारतीय हाई जंपर तेजस्विन शंकर ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के लिए क्वालिफाई कर लिया है। शंकर ने NCAA में सीजन का सबसे अच्छा प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीता।



उन्होंने आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2022 में 2.27 मीटर की जंप की। इसके साथ ही वे कॉमनवेल्थ गेम्स में जगह पाने वाले पहले एथलीट बन गए हैं। इस साल कॉमनवेल्थ गेम्स इंग्लैंड के बर्मिंघम शहर में होने वाले हैं। 23 साल के शंकर कैनसस स्टेट यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वे यहां से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में ग्रेजुएशन कर रहे हैं। यह 2018 के बाद उनका दूसरा एनसीएए टाइटल है।

शंकर बचपन में हाई जंपर नहीं बनना चाहते थे, उन्हें तो तेज गेंदबाजी में दिलचस्पी थी। एक इंटरव्यू में शंकर कहते हैं कि, मैं जिस तरह के माहौल में बड़ा हुआ वहां क्रिकेट ही इकलौता खेल हुआ करता था। मेरे पिता BCCI के वकील थे। इसके चलते मैं छोटी उम्र से ही क्रिकेट के लिए दीवाना था। अपनी लंबाई और गति के चलते शंकर तेज गेंदबाजी में बेहतरीन थे। हालांकि, लंबाई ने ही उनके एथलेटिक्स को प्रभावित किया। वे फील्ड पर कमजोर हो रहे थे। अंडर-14 से अंडर-16 की स्टेट टीम में शंकर का चयन नहीं हुआ। तब ही स्कूल कोच ने उन्हें रनिंग और स्पीड सुधारने के लिए एथलेटिक्स पर ध्यान देने के लिए कहा। वे जल्द ही ट्रैक और फील्ड इवेंट्स के लिए ट्रेनिंग करने लगे।

**तेज गेंदबाजी से शुरू कर हाई जंप तक पहुंचे शंकर**

शंकर ने 400 मीटर रेस से शुरुआत की। ट्रिपल जंप में भी हाथ आजमाया। फिर हाई जंप खेलना शुरू किया। 2013 में हुई दिल्ली स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने इस खेल में कांस्य पदक जीता। वे कहते हैं कि, जब हाई जंप में मैं अच्छा प्रदर्शन करने लगा और जीतने लगा तो मैंने एथलेटिक्स को गंभीरता से लेना शुरू किया। इसके बाद से मैं क्रिकेट से दूर होता गया। शंकर हाई जंप को अपने करियर की सुखद दुर्घटना मानते हैं। क्रिकेट से हाई जंप में आना उनके लिए खुद के छुपे हुए हुनर को पहचानने जैसा था।

## एक कैच छूटने से ही मैच नहीं हारे : ईशान किशन



**नईदिल्ली** । रासी वान डेर डुसेन को श्रेयस अय्यर द्वारा जीवनदान दिया जाना भले ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में भारत पर भारी पड़ा हो लेकिन स्टार बल्लेबाज ईशान किशन का मानना है कि हार का ठीकरा इस पर फोड़ा नहीं जाना चाहिये । भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 211 रन बनाये लेकिन वान डेर डुसेन और डेविड मिलर के बीच नाबाद शतकीय साझेदारी की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पांच गेंद बाकी रहते सात विकेट से जीत दर्ज की । मिलर ने 31 गेंद में 64 और वान डेर डुसेन ने 46 गेंद में 75 रन की नाबाद पारियां खेली । वान डेर डुसेन को 29 के स्कोर पर श्रेयस ने आवेश खान की गेंद पर जीवनदान दिया था जो भारत को महंगा पड़ा ।

## एक नजर

### कोहली अपनी बल्लेबाजी पर बेहतर ढंग से काम करें : पोंटिंग

**मुंबई** । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को अपनी बल्लेबाजी की समस्या का समाधान खुद खोजना होगा। साथ ही उन्होंने कहा वह एक शानदार बल्लेबाज है, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनका फॉर्म में नहीं रहना उनपर एक सवाल खड़ा कर गया है, जिस कारण उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है।

पोटिंग ने आगे कहा, आईपीएल में पूर्व कप्तान अपने फॉर्म में नहीं दिख रहे थे। इस सीजन में उनका फॉर्म में नहीं रहना उनपर सवाल खड़ा कर गया है, जहां उन्हें कई दिग्गज की आलोचना का सामना करना पड़ा है। पोंटिंग ने की समीक्षा में कहा, मुझे यकीन है कि बल्लेबाजी के विशेषज्ञ होने के नाते वे अपनी बल्लेबाजी पर काम करेंगे और जल्द ही क्रिकेट में वापसी करेंगे।

दिनेश कार्तिक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन दिखाया, जिसमें उन्होंने क्रिकेट जगत के कई दिग्गजों को प्रभावित किया और भारतीय टीम में वापसी करने में मदद मिली।

पोंटिंग ने महसूस किया कि विकेटकीपर-बल्लेबाज ने आईपीएल में डेथ ओवरों में शानदार पारी खेली, जहां टीम को मैच जीतने में मदद मिली। कार्तिक ने आईपीएल 2022 सीजन में 183 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए। 37 वर्षीय खिलाड़ी को भारत के टी20 विश्व कप टीम में शामिल करने के लिए कहा गया था, जहां उन्होंने शामिल होने के लिए हामी भर दी है।

### रॉस टेलर ने टी20 क्रिकेट में वापसी के दिए संकेत

**ऑकलैंड** । साल की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर रॉस टेलर को क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने से कोई गुरेज नहीं है, भले ही वह टी20 खिलाड़ी हों या कोच।

सबसे प्रसिद्ध ब्लैक कैप्स खिलाड़ी में से एक ट्रेलर उस टीम का हिस्सा थे जिसने पिछले साल इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत को हराया था। इस सप्ताह की शुरूआत में उन्हें न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट (सीएनजेडएम) के साथ क्वीन्स बर्थडे सम्मान से सम्मानित किया गया था। शुक्रवार को यह पूछे जाने पर कि क्या वह कोचिंग की भूमिका के लिए तैयार हैं, तो खिलाड़ी ने न कहा।

### पुर्तगाल और स्पेन ने अपने-अपने मैच जीते

**मैड्रिड** । पुर्तगाल और स्पेन ने अपने-अपने मैच जीतकर नेशन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम चार में पहुंचने के लिये मुकाबला रोमांचक बना दिया। पुर्तगाल ने चेक गणराज्य को 2-0 से हराकर लीग ए के ग्रुप दो में बढ़त बना रखी है जबकि स्पेन ने जेनेवा में स्विट्जरलैंड को 1-0 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज करके दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। पुर्तगाल अभी स्पेन से दो और चेक गणराज्य से तीन अंक आगे है। केवल ग्रुप की विजेता टीम ही अंतिम चार में जगह बनाएगी जबकि आखिरी स्थान की टीम निचली लीग में खिसक जाएगी। पुर्तगाल के लिये जाओ कैंसेलो ने 33वें और गोंजालो गुइडेस ने 38वें मिनट में गोल किया। दूसरी तरफ पाब्लो सराबिया ने 13वें मिनट में गोल करके स्पेन को स्विट्जरलैंड पर बढ़त दिलाई। उनका यह गोल आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

## अविनाश साबले ने 8वीं बार तोड़ा अपना रिकॉर्ड

### लोगों के तानों, सीनियर्स के टॉर्चर से लगा धक्का, ठाना 2 महीने में तोड़ना है नेशनल रिकॉर्ड

अविनाश साबले ने डायमंड लीग मीट में 3000 मीटर स्टीपलचेज में आठवीं बार अपना ही नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने रविवार को दुनिया के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों के बीच इस रेस में 8 मिनट और 12.48 सेकेंड का समय लिया। स्थानीय दावेदार सोफियान अल बक्काली ने मीट रिकॉर्ड 7 मिनट 58.28 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता। वे टोक्यो ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। वहीं इथोपिया के लामेचा गिरमा 7 मिनट 59.24 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वे टोक्यो ओलंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट हैं। इथोपिया के ही हेलमेरियम तेगेगन ने 8 मिनट 6.29 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।



रियो ओलंपिक 2016 के चैंपियन और कीनिया के कोन्सेसलेस किप्रुतो ने 8 मिनट 12.47 सेकेंड के साथ चौथे स्थान पर कब्जा किया। किप्रुतो भारत के साबले से एक सेकेंड के 100वें हिस्से से आगे रहे। साबले टोक्यो ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट और केन्या के बेंजामिन किगेन से आगे रहे। उन्होंने 8 मिनट 17.32 सेकेंड का समय लिया। साबले इस समय अमेरिका के कोलोराडो में आने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप और कॉमनवेल्थ गेम्स की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही बताते हैं कि 2024 ओलिंपिक तक स्टीपलचेज पर ही पूरा ध्यान रख रहे हैं। अपने करियर के मुश्किल दौर को याद कर साबले बताते हैं कि इस दौरान उन्हें लोगों ने ताने मारे। सीनियर्स ने टॉर्चर किया।

### CWG के लिए भारतीय बॉक्सिंग टीम का ऐलान

## लवलीना दूसरी बार टीम का हिस्सा, निखत, नीतू-जैसमिन नया चेहरा, परवीन हारी

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के लिए भारतीय महिला बॉक्सिंग टीमें तय हो गई हैं। टोक्यो ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन एक बार फिर गेम्स के लिए टीम इंडिया में जगह बनाने में सफल रही हैं। वहीं, पिछले माह वर्ल्ड चैंपियनशिप की गोल्ड मेडलिस्ट निखत जरीन, यूथ वर्ल्ड चैंपियन नीतू और जैसमिन टीम में नया चेहरा हैं। जबकि पिछले सीजन की गोल्ड मेडलिस्ट और छह बार की वर्ल्ड चैंपियन एमसी मैरीकॉम और एल सरिता देवी टीम का हिस्सा नहीं हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शनिवार को नेशनल ट्रायल के फाइनल मुकाबले हुए। ये ट्रायल



चार वेट कैटेगरी में हुए। इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स अपने घर यानी की इंग्लैंड के बर्मिंघम शहर में 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच हो रहे हैं।

नेशनल ट्रायल्स के फाइनल मुकाबले में टोक्यो ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट मुक्केबाज लवलीना ने एकतरफा जीत दर्ज की। 24 साल की लवलीना ने 70 किग्रा में पूजा को 7-0 से परास्त किया। वहीं, पिछले महीने वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाली निखत जरीन ने भी उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन किया। हैदराबाद की इस 25 वर्षीय मुक्केबाज ने 50 किग्रा में मीनाक्षी को एकतरफा अंदाज में 7-0 से हराया।

# भाजयुमो ने निकाली 150 कि.मी. लंबी बाईक रैली

## चित्रकोट विधानसभा के 28 गाँवों से गुजरी भाजयुमो की विकास तीर्थ बाईक रैली,केन्द्र सरकार की कार्य योजनाओं का प्रचार प्रसार





जगदलपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने आज चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में विशाल विकास तीर्थ बाईक रैली निकाली।

देऊरगाँव से आरंभ भाजयुमों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं की बाईक रैली अंदरूनी क्षेत्रों के दो दर्जन से अधिक गाँवो से गुजरी और लगभग 150 किमी की दूरी तय कर डिमरापाल में संपन्न हुई। उसरीबेड़ा व केशलूर में नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया।जिसे भाजपा नेताओं ने संबोधित किया।

### केन्द्र की मोदी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कर रही निरंतर कार्यक्र व आयोजन

केन्द्र की मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा जिले की प्रत्येक विधानसभा में विकास तीर्थ बाईक रैली निकाल कर जनता के बीच केन्द्र सरकार के कार्यों का प्रचार कर रही है। इसी तारतम्य में चित्रकोट विधानसभा में भाजयुमों ने संगठन के बड़े नेताओं की उपस्थिति में विशाल बाईक रैली निकाली। देऊरगाँव से शुरू हुई बाईक रैली पोटानार, छापरभानपुरी, बड़ांजी,उसरीबेड़ा, लौहण्डीगुड़ा, गढ़िया, तारागांव, मांदर, एरमुर, आंजर,सिलकजोड़ी, मुसकोंटा, लालागुड़ा ,मुतनपाल, बिरगाली,बोरजा, जामगांव,बास्तानार, किलेपाल, कोड़ेनार ,डिलमिली, रायकोट,आरापुर, तोकापाल, केशलुर,मारेंगा से गुजरते हुए लगभग 150 किमी की दूरी तय कर डिमरापाल पहुँच कर संपन्न हुई। रैली के बाद आयोजित नुक्कड़ सभा को भाजपा जिलाअध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी,जिला प्रभारी लोकेश कावड़िया,पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप,लच्छूराम कश्यप, समुंदसाय कच्छ, भाजयुमो जिलाअध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 8 वर्षो में देशहित की किये गये कार्यो की सराहना की। भाजपा नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार राष्ट्रहित व जनता की सेवा के लिये निरंतर कार्य कर रही है। देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने सर्जिकल स्ट्राईक का बड़ा निर्णय लिया गया,कोरोनो जैसी वैश्विक महामारी में देश की जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिये कड़े निर्णय लिये,भारत के विद्वान वैज्ञानिकों ने वैक्सीन का निर्माण किया। राष्ट्र सर्वोपरि का मंत्र लेकर केन्द्र की मोदी सरकार देश को आगे बढ़ा रही है। चित्रकोट विधान सभा में निकली भाजयुमो की विकास तीर्थ बाईक रैली में प्रमुख रुप से योगेंद्र पांडे,वेदप्रकाश पांडे,रजनीश पानीग्राही,नरसिंह राव,बुधराम कड़तम,संग्राम सिंग राणा,नरसिंह ठाकुर,नारायण ठाकुर,विनायक गोयल,जिला पंचायत सदस्य रैयतूराम बघेल,चन्द्रभान कश्यप, संतोष ठाकुर,देवीप्रसाद बेंजाम,मंगतू कश्यप,रितेश दास जोशी,रोहित कश्यप,जयराम दास,बंसत कश्यप,मनोज पेटल,रोहित खत्री, आनंद झा,गणेश नागवंशी,सावेंद्र सेठिया,दुर्जन बघेल,विमल पांडे,जीवनाथ मौर्य,सूदन ठाकुर,चन्द्रशेखर ठाकुर, डिकेश नाग, डोमूराम कश्यप,फाल्गुनी पटेल, राजेश कश्यप,महेश सेठिया,मुन्ना कश्यप,भोला राम, गोविंद, ईश्वर,झितरुराम,धनीराम,सोना धर, सीताराम मंडावी आदि सहित बडी़ संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### बढ़ते ट्रैफिक दबाव व दुर्घटनाओं से निपटने यातायात पुलिस की नयी रणनीति



तेज रफ्तार वाहनों व शराबी चालकों पर लगातार कार्रवाई, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन और अंधेरे जगहों पर रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य जारी



**जगदलपुर।** जिले के पुलिस महकमे में छोटे से फेरबदल के बाद यातायात पुलिस की कमान सौंपी गयी निरीक्षक शिव शंकर गेंदले को, जो कि पदभार ग्रहण करने के बाद से ही लगातार चर्च में बने हुए हैं। चर्चे का कारण है शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव पर नयी रणनीति से सख्त और प्रभावी नियंत्रण। शहर में अव्यवस्थित पार्किंग, तेज रफ्तार और नशे में गाड़ियां चलाने वालों पर कार्रवाई सहित ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित कर सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने पर यातायात प्रभारी शिव शंकर गेंदले विशेष रूची लेते नज़र आ रहे हैं। यातायात प्रभारी शिवशंकर गेंदले ने जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ उजाला को बताया कि निरंतर बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं में कई लोग अपनी जान गवा रहे हैं, जिसके प्रमुख कारण है बेतरतीब खड़ी वाहनें, वाहनों की तेज रफ्तार और शराब पीकर नियमों का उल्लंघन करते हुए मनमानी वाहनों को चलाना। इन सबसे निपटने के लिये यातायात पुलिस निरंतर प्रतिबद्ध है, ज्वांइनिंग के बाद से ही ऐसे मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है और आगे भी की जायेगी। साथ ही नेशनल हाईवे में ब्लैक स्पॉट की श्रेणी में आने वाले दो जगहों नगरनार रोड पर ग्राम सेमरा और ग्राम अंबागुड़ा में स्टॉपर लगाकर व सड़क किनारे अंधेरे स्थानों वाले पेड़ों पर और खंभों पर रिफ्लेक्टर लगाकर दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपाय के किये जा रहे हैं।

### अरपा नदी में पिकनिक मनाने गए मां-बेटे की डूबकर मौत

**बिलासपुर** । बिलासपुर के अरपा नदी में पिकनिक मनाने गए मां और बेटे की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक शिक्षिका अपने पति, बहन दामाद, और बच्चों के साथ अरपा लोफंदी में निर्माणाधीन ब्रिज के पास पिकनिक मनाने गई थी। मां और बेटे नदी पार करते समय नदी की गहराई में चले गए और डूब गए।

मिली जानकारी के अनुसार जरहाभाठा निवासी अनिल मसीह जमीन खरीदी-बिक्री का काम करते हैं । उनकी पत्नी स्मिता लाल जरहाभाटा के राजीव गांधी चौक स्थित नवीन प्राथमिक शाला में शिक्षिका थीं। अनिल और उसके साढू भाई पूरे परिवार सहित लोफंदी स्थित अरपा नदी में बन रहे पूल के पास पिकनिक मनाने गए थे। पति अनिल और परिवार के अन्य सदस्य नदी पार करके टापू में बैठकर खाने की तैयारी कर रहे थे वहीं पीछे-पीछे स्मिता और उनका बेटा आदेश अरव लाल (14) नदी पार कर टापू की तरफ जा रहे थे इसी दौरान दोनों गहराई में चले गए और डूबने लगे। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर अनिल उन्हें बचाने के लिए दौड़ा किंतु तब तक स्मिता और अरव डूब चुके थे ।

### पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई तक

**महासमुंद** । शैक्षणिक सत्र 2022-23 में संचालित समस्त शैक्षणिक शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल, कृषि वेटनरी, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग, डीएड एवं बीएड में अध्ययनरत विद्यार्थियों को विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को आनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई वेबसाईट पर आनलाइन किया जाना है। इसी प्रकार अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दिए गए निर्देशानुसार एनएसपी पोर्टल पर आवेदन किया जाना है।

### नल जल योजना को लेकर मारपीट

**महासमुंद** । नल-जल योजना को लेकर दो लोगों ने मिलकर एक ग्रामीण की पिटाई कर दी। पुलिस ने मामले में शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम आमापाली निवासी दमदाचरण राणा पिता श्यामसुंदर (43) ने बताया बीते 8 जून की देर शाम गांव के अश्वनी भोई पिता अक्षय, मथामणी मिश्रा पिता जगदीश ने उनके साथ पंचायत के नल-जल योजना को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौच कर डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### तीन मामलें में पुलिस ने जब्त की 9 हजार रुपए की शराब

**महासमुंद** । बागबाहरा, पटेवा और सरायपाली पुलिस ने अलग-अलग तीन मामलों में 9 हजार रुपए कीमत की महुआ और प्लेन शराब जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट 34 (2) के तहत कार्रवाई की। बागबाहरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को मौलीमुड़ा तालाब के पास गांव के दुर्गेश साहू से 8 लीटर महुआ शराब बरामद की। जब्त शराब की कीमत 2 हजार रुपए बताई गई है। इसी तरह पटेवा पुलिस ने शाम को मुखबिर की सूचना पर ग्राम सरेकेल-झलप मार्ग स्थित तालाब के पास ग्राम पचरी निवासी द्वारका प्रसाद डोरा (55) को पौने 8 लीटर देशी प्लेन शराब के साथ पकड़ा। इधर, तीसरे मामले में सरायपाली पुलिस ने सारंगढ़ मार्ग स्थित बोंदा के पास छिंदपाली निवासी नंदकुमार चौहान (33) को बाइक से 20 लीटर महुआ शराब का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा। 4 हजार रुपए कीमत की शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त 15 हजार रुपए कीमत की बाइक भी जब्त की।

स्टेट क्रिकेट टूर्नामेंट में बिलासपुर चैंपियन

## अंडर 23 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट फाइनल में प्लेट कंबाइंड को 120 रनों से हराया



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से पहली बार अयोजित अंडर 23 इंटर डिस्ट्रिक्ट ग्रुप प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले ने बिलासपुर की टीम विजेता बन गई है। टीम ने प्लेट कंबाइंड को 120 रनों से हराकर अंडर 23 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया है।

जिला क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि रायपुर के ऋष्ठि मैदान में चल रहे फाइनल मैच में बिलासपुर और प्लेट कंबाइंड के बीच मुकाबला हुआ। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में बिलासपुर के कप्तान सनी पांडेय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। टीम ने पहली पारी में 372 रन बनाए थे, जिसके जवाब में प्लेट कंबाइंड ने पहली पारी में 447 रन बनाए और 75 रनों की बढ़त बना ली थी। इसके बाद बिलासपुर ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 9 विकेट खोकर 329 रन बनाए और 255 रनों की बढ़त बना ली थी।

### चौथे और अंतिम दिन 137 रन पर सिमट गई प्लेट कंबाइंड की टीम

*शुक्रवार को चौथे और अंतिम दिन बिलासपुर की टीम आगे खेलते हुए मात्र 3 रन ही जोड़ पाई और 54.2 ओवर में 332 रन बनाकर आउट हो गई। इसके बाद प्लेट कंबाइंड की टीम ने 259 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 45.1 ओवर में 137 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से पहला विकेट 23 रन पर गिरा। दूसरे विकेट के लिए अभितोश सिंह और सुधांशु तिवारी ने 60 रनों की साझेदारी निभाई। दोनों खिलाड़ी मैच को अपनी ओर ले जा रहें थे तभी बिलासपुर के गेंदबाज दीपक सिंह बघेल ने सुधांशु तिवारी को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद बिलासपुर के गेंदबाजो ने प्लेट कंबाइंड को वापसी करने का एक भी मौका नही दिया। वहीं, प्लेट कंबाइंड के खिलाड़ी आज अपना जौहर नहीं दिखा पाए।*

## अलेक्जेंडर एम. चेरियन को उत्कृष्ठ समाजसेवा के लिए राज्यपाल करेंगी राष्ट्रीय पुरुस्कार से सम्मानित



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय पुरुस्कार दिलाने वाले अलेक्जेंडर एम चेरियन का सम्मान राज्यपाल करेंगे। उल्लेखनीय है की राष्टपति के निर्देशन में रेडक्रॉस राष्टीय मुख्यालय द्वारा अलेक्जेंडर एम चेरियन को उत्कृष्ठ समाजसेवा के कारण राष्टीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। राष्टपति के निर्देशन में आयोजित समारोह में इस बात की घोषणा देश के कई राज्यपालों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मनसुख मांडविया स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार द्वारा 17 मई 2022 को की गई थी। गौरतलब है की पूरे देश से मात्र 06 लोगों को इस पुरुस्कार के लिए चुना गया है, जिसमें बस्तर रेडक्रॉस के अलेक्जेंडर एम. चेरियन को प्रथम स्थान पर चुना गया है। उत्कृष्ठ समाज सेवा विशेषकर कोविड काल में किए गए उल्लेखनीय कार्य के लिए छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान में यह राष्टीय पुरुस्कार प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ को समाजसेवा के क्षेत्र में रेडक्रॉस के माध्यम से पूरे देश में प्रथम स्थान दिलाने वाले अलेक्जेंडर एम चेरियन को इस उपलब्धि के लिए अब रेडक्रॉस के राज्य अध्यक्ष एवम छत्तीसगढ़ की राज्यपाल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस पर राजभवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सम्मानित करेंगी। उल्लेखनीय है कि कोविड काल में अंतिम संस्कार हो या किसी पीड़ित को इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाना हो या किसी गरीब को पूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाना हो तो कलेक्टर बस्तर रजत बंसल के मार्गदर्शन में बस्तर रेडक्रॉस सदैव सेवा में तैयार रहता है। आज की स्थिति में बस्तर रेडक्रॉस को समाजसेवा के क्षेत्र में बस्तर का लाइफ लाइन कहा जा सकता है। इस उपलब्धि के लिए अलेक्जेंडर एम. चेरियन एवं रेडक्रॉस के सदस्यों को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी बस्तर प्रवास के दौरान बधाई दी थी। अलेक्जेंडर एम. चेरियन को बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवम विधायक लखेश्वर बघेल, सांसद बस्तर दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, विधायक चंदन कश्यप, बस्तर कमिश्नर श्याम धावड़े, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, महापौर सफीरा साहू, सभापति कविता साहू, पूर्व विधायक संतोष बाफना व विभिन्न राजनीतिक और समाज के पदाधिकारियों ने बस्तर संभाग के समस्त नागरिकों एवम प्रशासन के तरफ से बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



केंद्र की उपलब्धि बताने बीजेपी की बाइक रैली

## स्कूटी में निकले पूर्व मंत्री अमर और सांसद साव, बोले-विकास की निशानी है स्मार्ट सिटी रोड

**बिलासपुर।** बिलासपुर में शुक्रवार की शाम भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने बाइक रैली निकाली। इसमें पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल और सांसद अरुण साव भी एक्टिवा में सवार होकर निकले। रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वन विभाग दफ्तर के आगे स्मार्ट सिटी रोड में समाप्त हुई और सभा का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा



कि युवा मोर्चा भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और उन्हें राज्य सरकार की विफलता और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। केंद्र सरकार के 8 साल को सफल और स्वर्णिम बताते हुए भाजपा युवा मोर्चा की ओर से प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बाइक रैली का आयोजन किया गया है।

## संसदीय सचिव रेखचंद ने पहले दिव्यांग युवती को ट्राय साइकिल दिलाई फिर मिठाई खिलाकर मनाया अपना जन्मदिन

दिव्यांग युवती महादेई ने सहर्ष विधायक का भी मूंह मीठा करवाकर दी जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं

**जगदलपुर।** तुसेल निवासी 90त्न दिव्यांग 25 वर्षीय युवती महादेई बघेल पिता डुड्डी बघेल को विधायक एवं संसदीय सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) रेखचंद जैन ने ट्राय साइकिल प्रदान की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत तुसेल की महादेई बघेल पिता डुड्डी बघेल उम्र 25 वर्ष ने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सहृदयता एवं संवेदनशीलता के कारण आज उन्हें यह ट्राय साइकिल मिली है जिसके लिए उन्होंने विधायक जगदलपुर एवं



संसदीय सचिव रेखचंद जैन से बैटरी चालित ट्राय साइकिल प्रदान करने का निवेदन किया था, जिस पर संवेदनशील विधायक महोदय ने उन्हें तत्काल बैटरी चलित ट्राय साइकिल प्रदान की है जिससे अब उनके देनिक जीवन जीने में आसानी होगी तथा कहीं भी सुलभता से आना जाना आसान हो जाएगा। इस अवसर पर



विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील हैं एवं उनके दिशा निर्देश पर लगातार दिव्यांगों को बैटरी चालित ट्राय साइकिल प्रदान की जा रही है जिससे की उनका जीवन सुखमय एवं सुगम हो गया है। इस अवसर पर दिव्यांग युवती महादेई ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी, विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन, एवं समाज कल्याण विभाग की मंत्री अनिला भेड़िया का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विधायक सहित नगर निगम की सभापति कविता साहू पार्षद राजेश राय, सूर्या पाणी, पार्षद कमलेश पाठक, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गौरनाथ नाग, हेमु उपाध्याय, विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा, वरिष्ठ नेता विक्की निषाद, एम. वेंकट लाल भी मौजूद रहे।

# सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने गौठानों का किया निरीक्षण

मल्टी एक्टिविटी के संबंध में ली जानकारी एवं महिला समूहों से की चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा आज खरसिया विकासखण्ड के ग्राम-चपले गौठान का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने गौठानों में चल रहे मल्टी एक्टिविटी के संबंध में जानकारी ली और कार्यरत महिला समूहों से चर्चा की।





चपले में उन्होंने मुख्य रूप से निर्माण किए जा रहे वर्मी खाद, अगरबत्ती, फिनाईल, साबून निर्माण एवं रिले मशीन के माध्यम से धागा निकाल रही महिला समूहों से चर्चा की। यहां उन्होंने बनाये जा रहे उत्पाद एवं उसके मार्केट लिंकेज के संबंध में जानकारी ली।

सीईओ मिश्रा ने महिला समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे सेनेटरी पेड निर्माण को भी देखा। सीईओ श्री मिश्रा ने चपले गौठान के अंदर बने तालाब का निरीक्षण किया और पानी कमी होने पर तालाब में पर्याप्त मात्रा में पानी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही तालाब के किनारे हल्दी एवं तुलसी की खेती की गयी थी जो पानी की कमी के कारण क्षति ग्रस्त हो चुके थे वहां हार्टीकल्चर के अधिकारी को पोषण बाड़ी लगाने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारी ने सीईओ को अवगत कराते हुए कि पूर्व में यह जगह पोषण वाटिका के लिए ही आरक्षित था। यहां हाईब्रिड वेरीयटी के 60 पपीता पौधे लगाये जाने की योजना थी। जिस पर उन्होंने तत्काल वहां पपीता पौधे लगाने के निर्देश दिये।

सीईओ मिश्रा ने वहां बने केन्टीन का अवलोकन किया। उन्होंने इसे विस्तार करते हुए गांव के दो महिला समूह को जोड़कर गोठान ढाबा के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने चपले में देवगुड़ी का निरीक्षण किया यहां देवगुडी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। चपले के सरपंच को भी उनके बेहतर कार्य के लिए बधाई दी। चपले में गाय पालन, मुर्गी पालन एवं बकरी पालन को भी देखा। सीईओ मिश्रा ने संबंधित अधिकारी को गाय पालन करने वाले समूहों को मिलने वाली अनुदान राशि को तत्काल दिलाये जाने की बात कही। उन्होंने गाय पालन करने वाली महिलाओं के लिए उनके दुध के विक्रय हेतु एक बड़ा बाजार तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि उनको दूध का दाम सही प्राप्त हो। उन्होंने चपले गोठान में उद्यान विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन, रेशम विभाग के विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों से चर्चा की एवं चपले को आदर्श गोठान बनाये जाने के संबंध में निर्देश दिए। सीईओ श्री मिश्रा ने खरसिया के जोबी गोठान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जोबी में लगाये चारागाह के बारे में जानकारी ली। तीन-साढ़े तीन एकड़ में नेपियर घास लगे होने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। वहां उन्होंने किसानों से चर्चा करते हुए नेपियर घास लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। संबंधित अधिकारी ने सीईओ श्री मिश्रा को बताया कि यहां के नेपियर घास को कुछ निजी दुग्ध व्यवसायों को बेचा गया है। तो उन्होंने नेपियर घास को व्यवसायिक स्तर पर इसका उपयोग करने उद्यानिकी विभाग को निर्देश दिए। यहां उन्होंने मुर्गीपालन का निरीक्षण किया एवं मुर्गियों की संख्या बढ़ाये जाने एवं अच्छे नस्ल की मुर्गियां प्रदाय करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जोबी गोठान के वनधन केन्द्र में कार्यरत महिलाओं से चर्चा की और उनके आजीविका संवर्धन के बारे में जानकारी ली।

इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी एनआरएलएम महेश पटेल एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 20 से 24 तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**राजनांदगांव ।** प्रथम हॉस्पीटलिटी ट्रेनिंग सेंटर ममता नगर राजनांदगांव द्वारा 20 से 24 जून 2022 तक जिला रोजगार कार्यालय तहसील परिसर राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से ऑफिस एसोसिएट के 30 पद, स्टेवार्ड के 20 पद एवं हाऊसकीपिंग अटेंडेट के 20 पद के लिए भर्ती की जाएगी। ऑफिस एसोसिएट के लिए बारहवीं एवं डीसीए, स्टेवार्ड के लिए आठवीं एवं दसवीं तथा हाऊसकीपिंग अटेंडेट के लिए आठवीं एवं दसवीं शैक्षणिक योग्यता और आयु 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

## विधायक रेखचंद जैन ने मेघावी छात्र-छात्राओं को जन्मदिन के अवसर पर प्रदान किया मोबाइल एवं प्रशस्ति पत्र

**जगदलपुर।** विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने आज अपने जन्मदिन के अवसर पर जगदलपुर विकासखंड के प्रावीण्य सूची में आने वाले मेघावी छात्र छात्राओं को मोबाइल फोन एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

आज जिन छात्रों छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया उनमें कक्षा 12वीं की छात्रा प्रिया निषाद जो की सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा है और जिसने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उन्हें मोबाइल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया इसी तरह कक्षा 12 वीं में ज्योति विस्वास जिसने विकास खंड में द्वितिय एवं जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है कक्षा 10 वीं में विकास खंड में प्रथम एवं जिले में द्वितिय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी हर्षिता एवं कक्षा 10 वीं में ही विकास खंड में द्वितिय एवं जिले में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी शिवानी को



बच्चों ने मुंह मीठा करवा कर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

मोबाइल फोन एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा अनुरूप शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है बच्चों को प्रोत्साहित किया जा रहा है की वे प्राविणय सुचि में स्थान प्राप्त कर सकें आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के माध्यम से बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई उपलब्ध कराई जा रही है ताकि वे भी बड़े शहरों के बच्चों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की।

इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ नगर निगम की सभापति श्रीमती कविता साहू पार्षद सूर्या पाणी,शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गौरनाथ नाग हेमू उपाध्याय विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा वरिष्ठ नेता विक्की निषाद खंड शिक्षा अधिकारी मानसिंह भारद्वाज, उप खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन बीआरसी गरुड़ मिश्रा उपस्थित रहे।



विधायक और BSP के ऑफिसर एसोसिएशन में घमासान

## दोनों हाईकोर्ट जाने की तैयारी में, विधायक गंदे पानी तो ऑफिसर्स बेजाकब्जा पर लगाएंगे जनहित याचिका

भिलाई। भिलाई टाउनशिप में जन समस्या से जुड़े मुद्दों को लेकर ക്ഷरु(जनहित याचिका) वार शुरू हो गया है। एक तरफ भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने गंदे पानी को लेकर मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि कई बार निर्देश के बाद भी बीएसपी पानी की समस्या को दूर नहीं कर पा रहा है।



अब वह इसके लिए जनहित याचिका लगाएंगे। वहीं दूसरी तरफ (बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन) का कहना है कि जन समस्या को लेकर PIL लगना अच्छी बात है। वह किसी का विरोध नहीं कर रहे। OA का कहना है कि वह खुद टाउनशिप के मकानों, दुकानों और खाली जमीन से बेजाकब्जा हटवाने के लिए PIL दाखिल करेंगे।

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने पिछले दिनों बेजाकब्जा कार्रवाई को एक राजनीति का हिस्सा बताते हुए इसका विरोध किया था। इतना ही उन्होंने बेजाकब्जा खाली कराए गए लोगों से कहा था कि वे फिर से अपनी पुरानी जगह पर कब्जा करें अगर कोई विरोध करेगा तो वह खुद वहां खड़े होंगे। इसके बाद बाद देवेंद्र ने गंदे पानी का मुद्दा उठाते हुए बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दूसरी तरफ BSP का ऑफिसर्स एसोसिएशन भी विरोध में खड़ा हो गया है। उन्होंने किसी राजनीतिक पार्टी या राजनेता व विधायक का नाम तो नहीं लिया, लेकिन यह चेतावनी जरूर दी है कि अगर वह नहीं माने तो वे मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। OA ने भी बैठक करके बेजाकब्जा धारकों को संरक्षण देने वालों के खिलाफ स्न्रङ्कक्र करने और चुनाव में देख लेने की धमकी दी है। OA के अध्यक्ष एनके बंछोर का कहना है कि टाउनशिप में बेजाकब्जा का पूरा खेल चल रहा है। जब बीएसपी इनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है तो उन्हें राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है। इसलिए उन्होंने तय किया है कि वह खुद इस मुद्दे को लेकर हाईकोर्ट में PIL दायर करेंगे।

### गंदे पानी के लिए BSP ही नहीं निगम प्रशासन भी जिम्मेदार

भिलाई टाउनशिप में 30 हजार से अधिक आवासों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। इसके लिए भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने सक्रियता दिखाई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। पानी के मुद्दे पर राजनीति शुरू होने के बाद बीएसपी ने एक 10 सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन भी किया है। टीम मरोदा जलाशय में आपूर्ति होने वाले पानी की क्वालिटी की जांच से लेकर फिल्टर प्लांट में डोजिंग की प्रक्रिया एवं घरों तक पानी की आपूर्ति आदि की जांच, मूल कारणों की पहचान पर रिपोर्ट प्रबंधन को देंगे। इसके बाद भी BSP को गंदे पानी के लिए जिम्मेदार बताए जाने पर OA का कहना है कि इसके लिए केवल BSP जिम्मेदार नहीं है, बल्कि निगम व शासन प्रशासन से जुड़े वो लोग भी जिम्मेदार हैं जो यहां मकान अलाट कर रह रहे हैं। उनका कहना है कि इन लोगों को इस समस्या के निदान के लिए प्रयास करना चाहिए।

## जनसामान्य की सुविधा के लिए शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का करें निराकरण - कलेक्टर

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की

**राजनांदगांव ।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी भू-राजस्व संहिता एवं राजस्व संबंधी नए नियमों की जानकारी से लैस रहे एवं सक्रियतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी राजस्व से संबंधित सभी प्रकरणों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सभी कार्यों से प्रत्यक्ष तौर पर जुड़े होते है, इसलिए उन्हें सभी महत्वपूर्ण बातों की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरण लंबित नहीं होने चाहिए। जनसामान्य की सुविधा के लिए शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। भू-अर्जन संबंधी प्रकरणों का अभियान चलाकर रिकार्ड दुरूस्तीकरण का कार्य करवाएं। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि 5 से 10 वर्ष पहले के भू-अर्जन संबंधी रिकार्ड दुरूस्तीकरण कार्य पटवारी को दें एवं उसमें अवार्ड की कापी भी लगवाएं। गांव में शिविर लगाकर मुआवजा की राशि प्रदान करें। कलेक्टर ने चिटफंड कंपनी के आवेदनों एवं दर्ज प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी अधिकारी इस संबंध में गंभीरतापूर्वक कार्य करें।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद खरसिया, जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**

क्रमांक/827/राजस्व/न.पा.प./2020 खरसिया दिनांक 09/06/2022

**दावा/आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद खरसिया में भवन/भूमि नामांतरण हेतु निम्न व्यक्तियों का आवेदन प्राप्त हुआ है।

उक्त भूमि के हस्तांतरण में यदि किसी व्यक्ति/फर्म/संस्था को आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति दिनांक 24/06/2022 को समय 5.30 बजे नगरपालिका परिषद खरसिया कार्यालय में समस्त दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | हस्तांतरण कर्ता का नाम | हस्तांतरितों का नाम | भूमि का विवरण | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | श्रीमती शकुनतला केशरवनी पति श्री रामदुलारे केशरवानी | सावित्री केशरवानी पिता श्री रामदुलारे केशरवानी | भूमि खसरा नं.162/9 रकबा 0.0140 हे. वार्ड क्रमांक 16/256 | दानपत्र सह पंजीयन |

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद खरसिया**


### एक नजर

## पुलिस व प्रशासन की टीम ने विश्रामपुर में फुटपाथ पर किए अतिक्रमण को हटवाया

**सूरजपुर ।** अतिक्रमण के कारण सड़क पर लगने वाले जाम की समस्या से लोगों को छुटकारा दिलाने के प्रयास में विश्रामपुर पुलिस जुट गई है। शुक्रवार को थाना प्रभारी विश्रामपुर ट्रेनी आईपीएस संदीप कुमार पटेल के नेतृत्व में नायब तहसीलदार अंकिता तिवारी, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय व पुलिस की टीम ने अभियान चलाकर एनएच-43 विश्रामपुर मेन मार्केट में दोनों किनारे से दुकानदारों के द्वारा फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया और दुकानदारों को दुकान के सामान को बाहर ना रखने की सख्त हिदायत दी गई। इस दौरान एएसआई सुनील सिंह, सोहन सिंह, अशोक तिर्की, प्रधान आरक्षक अविनाश सिंह मौजूद रहे।

## संभागायुक्त कावरे ने श्रेष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

रोटरी क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी का आयोजन

**भिलाई ।** रोटरी क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी द्वारा श्रेष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन होटल सेन्ट्रल पार्क सुपेला में किया गया। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पांच श्रेष्ठ नागरीक सम्मानित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग संभागायुक्त महादेव कावरे व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल उपस्थित थे। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुर्ग जिला संभागायुक्त महादेव कावरे ने कहा कि समाज के श्रेष्ठ लोगों को सम्मानित किया जाना रोटरी क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी का एक सराहनीय पहल है। कावरे ने पर्यावरण पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि आज जिस प्रकार गर्मी बढ़ती जा रही है, यह पेड़ों की कमी के कारण ही है। जगह-जगह निर्माण कार्यों की वजह से पेड़ों को काटे जा रहे है, यह चिंता का विषय है। उन्होंने आयोजन में उपस्थित लोगों सहित आम जनता को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कावरे ने कहा कि पर्यावरण बचाने पौध रोपण इसलिए भी अति आवश्यक है ताकि आगे आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ पर्यावरण व वातावरण मिल सके। उन्होंने कार्यक्रम में सम्मान पाने वाले व्यक्तियों को बधाई दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीनियर रोट्रेरियन सीएस बाजवा ने रोटरी क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोग एक दूसरे के बुराई करने में ही समय बीता देते हैं, अच्छाई का कोई प्रशंसा नहीं करता। अगर हम अच्छाइयों का सम्मान लगातार करते रहे तो समाज से बुराईयां अपने आप कम हो जाएगी। यहीं वजह है कि रोटरी क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी द्वारा समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित कर ऐसे विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया जाता है, जो हमेशा पर्दे के पीछे रहकर कुछ न कुछ विशिष्ट कार्य करते रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान ललित वर्मा व अरूण पवार संस्था के सदस्य बने, जिन्हें बैच लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान दुर्ग संभागायुक्त महादेव कावरे, आरटीएन सीएस बाजवा, प्रेसिडेंट आरटीएन डॉ. अखिलेश यादव, सेक्रेटरी आरटीएन राजीव गोपिनाथ मंचस्थ थे। कार्यक्रम का संचालन कुमारी रितिका सेन व राजदीप सेन ने किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया।

इन्हें मिला श्रेष्ठ नागरिक सम्मान

कार्यक्रम में बालुराम वर्मा को पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वहीं रविन्द्र बाजवा को मम्मा की रसोई के लिए सम्मानित किया गया। 2018 में शुरू की गई मम्मा की रसोई द्वारा आज भी 5 रुपए में भरपेट खाना लोगों को खिलाया जाता है। इंटरनेशनल क्रिकेटर राइट हैंड बैट्समैन अमनदीप खरे का सम्मान उनके पिता-पिता को प्रदान किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में जाकिर हुसैन और डॉक्टरों के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले डॉ. अजय गोवर्धन को दुर्ग संभागायुक्त महादेव कावरे व अन्य अतिथियों द्वारा मोमेन्टा, शॉल व फल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 13 को आईटीआई राजनांदगांव में

**राजनांदगांव ।** नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 13 जून 2022 को प्रात: 9 बजे से इंडस्ट्री ड्राईव एण्ड अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ अप्रेंटिसशिप मेला में शामिल हो सकते हैं।

## श्रवण बाधित विशेष विद्यालय में प्रवेश 13 जून से

**दंतेवाड़ा।** शासकीय श्रवण बाधित बालक-बालिका विशेष विद्यालय, एजुकेशन सिटी जावंगा विकासखंड गीदम में कक्षा पहली से पांचवीं तक की कक्षाओं में श्रवण बाधित बालक, बालिकाओं के लिए 13 जून से प्रवेश प्रारंभ हो रही है। विद्यालय में आवासीय सुविधाओं के साथ समस्त सुविधाएं नि:शुल्क हैं।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) एवं नजूल अधिकारी खरसिया जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**

प्रकरण क्र. /अ-4/2021-22
ग्राम/नजूल टाउन खरसिया

**ईश्तहार**

एतत द्वारा आम जनता ग्राम/नजूल टाउन खरसिया प.ह.नं. 22 खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक शकुंतला देवी पति/पिता चन्द्रभान अग्रवाल निवासी खरसिया तहसील खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा नजूल टाउन खरसिया में स्थित भूमि प्लाट क्रमांक 445/1 क्षेत्रफल 544 वर्ग फुट में से 544 वर्गफुट भूमि को छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के पत्र क्रमांक 04-07/सात-1/2019 दिनांक 24/2/2022 के बिन्दु क्रमांक 5 में दिये गये निर्देशानुसार शासन द्वारा निर्धारित प्रचलित गाइड लाइन के अनुसार बजार मुल्य की राशि शासन द्वारा निर्धारित 22 प्रतिशत की राशि जमाकर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: उपरोक्त आवेदित भूमि को भूमि स्वामी हक प्रदाय करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 20/6/2022 तक न्यायालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं ध्यान रहे उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 3/6/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
एवं नजूल अधिकारी
खरसिया

# युवाओं ने उजड़े नर्सरी को बनाया सुंदर, एक बार फिर उजाड़ने लगे सरपंच-सचिव

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।



विकास खंड दुलदुला के अंतर्गत ग्राम पंचायत बासुदेवपुर में राष्ट्रीय जल ग्रहण मिशन योजना अंतर्गत नर्सरी सन् 1991 में निर्माण कराया गया था जिसमें आम नींबू अमरूद नीलगिरी का पौधा लगाया गया था नर्सरी के चारों ओर खंती गड्ढा खोदकर सेंधवार पूटुश और मुरब्बा का घेरा लगाया गया था किंतु शासन द्वारा सही रूप से देखरेख नहीं होने के कारण घेरा उजड़ गया जिसमें गाय बैल घुसकर पौधों को नष्ट कर दिया गया और कुछ असामाजिक लोगों द्वारा भी नष्ट कर दिया गया। गांव के कुछ जागरूक युवाओं द्वारा समिति बनाकर नए सिरे से गांव की हरियाली और धरोहर समझकर फ लदार पेड़ आम का पौधा लगाया गया है नर्सरी में घेरा के लिए टमाटर लगाकर टमाटर से आय अर्जित कर नर्सरी को घेरा लगाकर सुंदर रूप दिया गया है वर्तमान समय में युवाओं के श्रमदान से लगाए गए 93 आम और अमरुद सागौन का पौधा स्वस्थ एवं जीवित है इस कार्य के लिए शासन को युवाओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाना चाहिए तथा ऐसे कार्यों को प्रोत्साहन किया जाना चाहिए था। दुर्भाग्यवश सरपंच सचिव समिति के लोगों को बेजा कब्जा बता कर कार्यवाही एवं हटाने को कह रहे है यह कहां तक न्यायोचित है जबकि उक्त भूमि में मध्यप्रदेश शासन वर्ष 1991 मध्यप्रदेश शासन काल में नर्सरी अलार्ट किया जा चुका है उक्त भूमि में राजस्व विभाग पटवारी रिकॉर्ड में राजस्व के दस्तावेज में नर्सरी के रूप में अंकित है। जबकि यह भूमि किसी भी रूप में बेजा कब्जा नहीं हो सकता है जो कि जांच का विषय है शासन इस विषय को संज्ञान में लेकर जांच कराते हैं तो नर्सरी बच सकता है इस सम्बन्ध में पंचायत एवं युवा समिति के बीच तकरार का स्थिति बना हुआ है वह समाप्त भी हो सकता है युवा समिति सदस्यों का यह भी कहना है कि नर्सरी के कुछ भूमि को अतिक्रमण कर दुसरा कृषक खेत बना लिया है जो वास्तविक में नर्सरी शासकीय भूमी पर अवैध काबीज कर रखा है एक तरह से देखने से पता चलता है कि उक्त कृषक को ब्यक्तिगत रुप से लाभ पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत का मौन स्वीकृति मिला हुआ है और सार्वजनिक हित कार्य कर रहे युवा समिति को ग्राम पंचायत को आपत्ति हो गया है आगे अब यह




देखना होगा की युवा समिति के पक्ष में शासन प्रशासन का फैसला होता है और नर्सरी में लगे 93 पौधा बचा लिए जायेंगे है या कि ग्राम पंचायत उक्त भूमि को अवैध बेजा कब्जा बता कर कार्यवाही करते हुए बने बना हरा भरा नर्सरी को बिरान बनाते हैं।

## एक नजर

### श्रद्धा महिला मण्डल एसईसीएल, बिलासपुर के तत्वधान में वस्त्र वितरण किया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रायगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर ओड़िशा राज्य की सीमा की ओर एक छोटा सा गांव एकताल जो अपनी हस्तनिर्मित धातु की शिल्पकारी के लिए मशहूर है। इस ग्राम के शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति आज भी कमजोर है। एकताल ग्राम के एक अत्यंत गरीब परिवार द्वारा मदद के लिये निवेदन किया। उनकी इस स्थिती का समाचार मिलते ही श्रद्धा महिला समिति एसईसीएलए बिलासपुर के तत्वधान में सुचेतना महिला समितिए रायगढ़ के मार्गदर्शन में सामाजिक कल्याण के तहत बारिश के दस्तक देने के पूर्व ही उस गरीब परिवार को पर्याप्त मात्रा में एसबेसटस शीट उपलब्ध कराई गयी और ग्राम के लगभग 25 परिवारों को राशन वितरण किया गया। इसी कड़ी में सभी समिति के सदस्यों द्वारा ज़रूरतमंद परिवारों के पुरुष, महिलाओं और बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार वस्त्र वितरण किया गया एवं सभी उपस्थित व्यक्तियों के लिये स्वल्प आहार की व्यवस्था भी की गयी। इस कार्य में समिति की अन्य सदस्य भी उपस्थित थी। सुचेतना महिला समितिए रायगढ़ एवं आस पास के क्षेत्र में सामाजिक उत्थान के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में हमेशा तत्पर रहती है जिसे समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर सम्मानित किया गया है एवं सराहा गया है। अध्यक्षा, सुचेतना महिला समिति, प्रीति सिंह द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि भविष्य में भी समिति द्वारा इस प्रकार के समाज कल्याण कार्य जारी रहेंगे।

## एक स्थाई वारंटी व विस्फोटक के साथ 3 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर ।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना बासागुड़ा एवं केरिपु की संयुक्त टीम पुतकेल की ओर सर्चिंग पर निकली थी। सर्चिंग अभियान के दौरान संयुक्त टीम द्वारा पुतकेल के डोंगल चिन्तावागु नाला के पास से 02 नक्सली एलओएस सदस्या ललिता मुचाकी उम्र 21 वर्ष निवासी काऊरगट्टा थाना पामेड़ एवं नक्सली मिलिशिया सदस्य सुक्का मड़कम उम्र 28 वर्ष निवासी हीरापुर मेटापारा थाना बासागुड़ा को विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से 01 नग डेटोनेटर, 01 नग पाईपबम, इलेक्ट्रीक वायर, 04 नग जेलेटीन, 03 नग कॉर्डक्स वायर और खुदाई का औजार लोहे का राड बरामद किया गया है।

वहीं थाना तर्रेम एवं एसटीएफ. का संयुक्त बल ग्राम गुण्डेम की ओर सर्चिंग पर निकली थी। अभियान के दौरान गुण्डेम नाला के पास से 01 नक्सली मिलिशिया सदस्य पुनेम सन्नू उम्र 28 वर्ष साकिन भूसापुर थाना उसूर गिरफ्तार किया गया जो थाना उसूर के अपराध क्रमांक 08/2018 धारा 147, 148, 149, 364, 120 बी, 302 भादवि का नामजद आरोपी है।

## रामचन्द्र का भाटापारा में जोरदार स्वागत

### पूजा अर्चना के बाद हुई विप्र फाउण्डेशन की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-भाटापारा।



छत्तीसगढ़ विप्र फ ाऊण्डेशन के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा के प्रदेशव्यापी सामाजिक दौरे के अन्तर्गत बलौदाबाजार भाटापारा जिले में स्वागत पश्चात विप्र फाउंडेशन की आवश्यक बैठक भाटापारा में श्री कुन्दन भवन, शिव मंदिर में सम्पन्न हुई। प्रदेशाध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा ने सर्वप्रथम भोलेनाथ का अभिषेक व भगवान परशुराम जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की तत्पश्चात उपस्थित समाजजनों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ राधेश्याम शर्मा ;फग्गा भैया, डॉक्टर बसंत भृगु, देवेन्द्र भृगु जिलाध्यक्ष, विप्र फ ाऊण्डेशनद्धए संतोष पुरोहित, हरगोपाल शर्मा, अध्यक्ष आदि गौड़ ब्राह्मण महासभा, अभिषेक उपाध्याय ने एकमत से सामाजिक जागरूकता व एकता के साथ समाज के कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया पश्चात प्रदेशाध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा ने समाज को विप्र फ ाऊण्डेशन के कार्यों से अवगत कराते हुऐ विभिन्न सामाजिक जन कल्याण के साथ अन्य समाज के उत्थान व विकास के लिए किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। साथ ही स्थानीय स्तर के कार्यों में स्थानीय समाज की अपनी महती भूमिका को कार्य रूप में परिणित करते हुऐ राष्ट्रीय स्तर के विप्र फाऊण्डेशन से जुड़कर काम करते रहने का अनुरोध किया। एवं प्रदेशाध्यक्ष ने शीघ्र ही जिले की कमेटी बनाने के लिए निर्देशित किया। आने वाले समय में भी इस प्रकार की बैठक होते रहने का भरोसा दिलाया। साथ ही स्थानीय विप्र समाज द्वारा आगामी 26 जून को भाटापारा में जगतगुरु शंकराचार्य जी महराज निश्चलानंद, जगन्नाथ पीठाधी के 80 वें प्राकट्य अवसर पर सादर आमंत्रित किया व प्रदेश के सभी ब्राह्मण समाज व अन्य धर्म प्रेमियों को भी भाटापारा आने का आमत्रंण दिया। सभा का संचालन विप्र फ ाउंडेशन बलौदाबाजार-भाटापारा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र भृगु ने किया व आभार प्रदर्शन आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हरगोपाल शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सत्यनारायण शर्मा, राधेश्याम शर्मा, डॉक्टर बसंत भृगु, राजेन्द्र ओझा, ओमप्रकाश जोशी, देवेन्द्र भृगु, हरगोपाल शर्मा, गोपाल शर्मा जिला महामंत्री, विप्र फाऊण्डेशन, संतोष पुरोहित, विजय पाण्डेय, लक्ष्मीनारायण शर्मा, संतोष शर्मा पीडब्ल्यूडी वाले, प्रमेन्द्र तिवारी, पार्षद, डाक्टर सुधाकर शर्मा, मनी तिवारी, अभिषेक उपाध्याय, रविन्द्र शर्मा, विजय शर्मा, शैलेष दवे आदि विप्रजन उपस्थित रहे।

## एके मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में एक नक्सली गिरफ्तार, हास्पीटल को किया गया सील

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है जहां पांच लाख के इनामी नक्सली को गिरफ्तार किया है, साथ ही एक अस्पताल को भी सील कर दिया गया है, पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि 5 लाख का इनामी नक्सली कांकेर जिले की अंतागढ़ का बताया जा रहा है जो अपना इलाज कराने के लिए बेमेतरा आया हुआ है, जहां बीते 5 दिनों से ए के मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में नाम बदलकर इलाज करा रहे थे, पुलिस को सूचना मिलने पर जब अस्पताल पहुंचे तो नक्सली पकड़ में आया नक्सली के गिरफ्तारी के बाद उसे बेमेतरा पुलिस कंट्रोल रूम लाया गया है जहां पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र छ्वाई की मौजूदगी में पूछताछ जारी है वहीं प्रशासन के आदेश अनुसार एसडीएम दुर्गेश वर्मा ने ए के मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल पहुंचकर सील कर दिया है।

## बालको ने जैव ईधन के उपयोग से ग्रीन उर्जा की तरफ बढ़ाया कदम

**बालकोनगर ।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) द्वारा जैव ईधन के साथ थर्मल पावर उत्पादन के लिए अपने ईंधन मिश्रण को पर्यावरण के अनुकूल बनाने हेतु प्रतिदिन 40-50 टन जैव ईधन का उपयोग किया जा रहा है। इससे जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता को कम करने एवं जैव ईधन खपत की मात्रा को बढ़ाने में मदद मिलेगी। जैव ईधन कृषि अवशेषों से बनाए जाते हैं। सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के साथ ही किसानों के कृषि-अपशिष्ट को खरीद कर बालको उनकी आय बढ़ाने में भी योगदान दे रहा है। इससे बालको के ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में सालाना 0.43 मिलियन टन कार्बन डाई आक्साइड के बराबर की गिरावट होगी, जो वेदांता एल्यूमिनियम के वर्ष 2050 तक शून्य कार्बन के लक्ष्य की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। इस दिशा में ध्यान केंद्रित करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और निदेशक अभिजीत पति ने कहा कि शून्य कार्बन की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाते हुए बालको छत्तीसगढ़ और भारत के सतत विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए विभिन्न पहल कर रहे हैं। ऐसे माध्यमों से हम आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्थायी भविष्य बनाने के बड़े टारगेट को हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं और हम समर्पित रूप से पर्यावरण, सामाजिक तथा शासन (ईएसजी) के विभिन्न आयामों से एक हरित कल के निर्माण के लिए कटिबद्ध हैं।

## धार्मिक भाईचारा कायम रखने धरमजयगढ़ थाने में की गई शांति समिति की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ थाने में थानां प्रभारी विजय पैंकरा द्वारा आज शाम शांति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमे सभी धर्मों के प्रमुख व सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय पत्रकार उपस्थित रहे बैठक में थानां प्रभारी विजय पैंकरा द्वारा मौजूद सभी सम्मानीय नागरिकगण को संबोधित करते हुए कहा कि अभी कुछ राज्यों में आपसी सौहार्द को बिगाड़ने कुछ खबरें देखने सुनने मिल रही हैं।जिससे सर्व धर्म एकता और आपसी भाईचारा बिगड़ने की परिस्थिति उत्पन्न हो रही है। जिसकी वजह से देश मे कहीं न कहीं विषम परिस्थितियां देखने मिल रही है।

इसके मद्देनजर आज धरमजयगढ़ थाने में शांति समिति की बैठक आहूतकर प्रबुद्धजनो से यह अपील किया गया कि आपस मे भाईचारा का वातावरण बना रहे, सोसल मीडिया पर धार्मिक भावना आहत करने वाली किसी तरह की पोस्ट करने से बचें।

बाहर से आई हुई किसी भी धर्म को ठेस पहुंचाने वाली आपत्तिजनक पोस्ट पर कोई कमेंट न करें,साथ ही सभी धर्मों का सम्मान करते हुए अमन चैन को बरकरार रखने में अपना विशेष सहयोग प्रदान करें।

आज की इस बैठक में सभी राजनीतिक दल के नेता,सभी धर्म के समाज प्रमुख सहिंत स्थानीय जनप्रतिनिधि सम्मानित नागरिक व पत्रकार बंधु उपस्थित रहे ।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in